शनिवार, 25 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 36 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदय: 05:08 | सूर्यास्त: 18:00 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार : व्यक्ति की भाषा ही उसकी सारी परिभाषा बयां कर देती है।**



'आप' को लगा बड़ा झटका, चड्ढा समेत सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ी पृष्ठ 7

# पीएम मोदी ने हुगली नदी में किया नौका विहार

## तट पर नाविकों और आम जनता से कीं मुलाकात



### पीएम ने बंगाली लोगों की समृद्धि के लिए जतायी प्रतिबद्धता

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार की सुबह कोलकाता में हुगली नदी में एक नौका की सवारी की और कहा कि नदी की दिव्य जलधाराएं एक पूरी सभ्यता की शाश्वत भावना को अपने अंदर समेटे हुए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वह राज्य के विकास और 'महान बंगाली लोगों' की समृद्धि के प्रति प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने नदी यात्रा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कीं, जिनमें वह लकड़ी की एक नाव पर बैठे हुए कैमरा थामे हुए हैं और उनके पीछे प्रसिद्ध हावड़ा ब्रिज और विद्यासागर सेतु दिखाई दे रहे हैं। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि मैंने इस महान नदी की तस्वीर खींचने की कोशिश की। साथ ही, विद्यासागर सेतु और हावड़ा ब्रिज को करीब से देखा। उन्होंने कहा कि हर बंगाली के मन में गंगा का एक विशेष स्थान है। कहा जा सकता है कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है। उसकी दिव्य जलधाराएं पूरी एक सभ्यता की शाश्वत भावना को अपने में समेटे हुए हैं। आज सुबह कोलकाता में मैंने हुगली नदी के किनारे कुछ समय बिताया, मां गंगा के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्हें नाविकों से मिलने का अवसर मिला, जिनकी मेहनत प्रेरणादायक है। मोदी ने कहा कि गुरुवार की शाम, हावड़ा से कोलकाता तक के लंबे रोड शो के दौरान मैं हावड़ा ब्रिज पर था। शुक्रवार की सुबह, मैंने इस ब्रिज को हुगली नदी से देखा! मोदी ने यह भी कहा कि हम राज्य के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि की दिशा में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराते हैं। पृष्ठ 3

## पीएम मोदी ने दमदम में किया रोड शो, 'असाधारण स्वागत' के लिए लोगों को दिया धन्यवाद



**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दमदम विधानसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया। अपनी काली बुलेटप्रूफ गाड़ी का एक साइड दरवाजा खोलते हुए, प्रधानमंत्री ने हजारों की भीड़ की ओर हाथ हिलाया, जिनमें से कई महिलाएं थीं। समर्थक 'मोदी, मोदी' के नारे लगा रहे थे। सुरक्षा कर्मियों ने बैरिकेड वाले क्षेत्रों में पहुंच गये लोगों की भीड़ को नियंत्रित किया। रोड शो के दौरान दमदम रोड पर एक किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। बाद में, मोदी ने जनता के उत्साह को 'लोगों द्वारा असाधारण स्वागत' बताया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने लूट और कुशासन की अपनी संस्कृति के कारण पश्चिम बंगाल के शहरी क्षेत्रों की उपेक्षा की है। भाजपा शहरी विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी और लोगों के सपनों को साकार करने का प्रयास करेगी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि धन्यवाद दमदम। तृणमूल हार रही है। भाजपा जीत रही है।

## यमुना की तुलना में साफ पानी होने के कारण हुगली में नाव की सवारी का लुत्फ उठा सके मोदी : ममता



**हावड़ा, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में हुगली नदी में नाव की सवारी का लुत्फ उठा सके, क्योंकि दिल्ली में यमुना नदी के जल के विपरीत इसका पानी साफ है। हावड़ा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने दिल्ली की भाजपा नीत सरकार को यमुना नदी में प्रदूषण के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के कारण मोदी राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी में नाव की सवारी का लुत्फ नहीं उठा पाएंगे। ममता ने कहा कि यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री ने हुगली नदी में नौका विहार का आनंद लेने का फैसला किया, जहां राज्य सरकार और कोलकाता नगर निगम समेत अन्य नगर निकायों ने नदी तट के आस-पास के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण किया है। बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में प्रधानमंत्री के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए ममता ने कहा कि उन्हें (मोदी) खुद स्थिति का आकलन करना चाहिए और इसकी तुलना भाजपा शासित राज्यों से करनी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि देखिए यहां शहर में, राज्य में, सड़कों पर महिलाएं कितनी सुरक्षित हैं जबकि भाजपा शासित दिल्ली, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में महिलाओं पर हमले की घटनाएं हर रोज सामने आती हैं। उन्होंने सवाल किया कि आप हाथरस और दिल्ली (की घटनाओं) को क्यों भूल जाते हैं? कृपया हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर जाइए। आप मणिपुर पर चुप क्यों हैं? ममता ने आरोप लगाया कि आप (भाजपा) उन लोगों को टिकट देते हैं, जो महिलाओं से बलात्कार करते हैं और बलात्कारियों को माला पहनाते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि चार मई (मतगणना का दिन) के बाद तृणमूल कांग्रेस के उत्पीड़कों को सार्वजनिक रूप से उल्टा लटकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्या मैं पूरे शिष्टाचार और सम्मान के साथ यह पूछ सकती हूं कि कोई केंद्रीय मंत्री इस तरह की धमकी दे सकता है? उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि तृणमूल कांग्रेस दो चरण में होने वाले विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। भाजपा नेताओं की खुशी पल भर की है।

## ईरान के कब्जे वाले जहाज को सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया गया, भारतीय नाविक सुरक्षित

**नयी दिल्ली :** ईरान के कब्जे में मौजूद एक जहाज पर सवार एक भारतीय नाविक सुरक्षित है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईरान ने 22 अप्रैल को जलडमरूमध्य को पार करने की कोशिश कर रहे दो विदेशी मालवाहक जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया था और तीसरे जहाज पर गोलाबारी की थी। उसने यह कार्रवाई अमेरिकी नौसेना द्वारा ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी किये जाने के जवाब में की थी। ईरान के रिवोल्युशनरी गार्ड ने फ्रांसेस्का और एपामिनोंडास नामक मालवाहक जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया। फ्रांसेस्का पर कोई भारतीय सवार नहीं है, जबकि एपामिनोंडास पर सवार चालक दल के 21 सदस्यों में एक भारतीय है। तीसरे जहाज, यूफोरिया, जो पनामा का ध्वज वाला एक कंटेनर जहाज है, पर 21 भारतीय नाविक सवार हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मनदीप सिंह रंधावा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।'' एपामिनोंडास जहाज पर 21 सदस्य सवार हैं, जिनमें ज्यादातर यूक्रेन और फिलीपीन के नागरिक हैं। यह जहाज भारत आ रहा था और इस पर एक भारतीय नाविक भी है।

## बाजार में तीन सत्र की गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.17 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में तीन सत्र की गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.17 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को बढ़ा दिया है जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तीन सत्र में 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 2,609.12 अंक या 3.29 प्रतिशत टूटा। सेंसेक्स शुक्रवार को 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत फिसलकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ।


# बंगाल में प्रचंड बहुमत से आ रही है भाजपा, पहले चरण में 110 से अधिक सीटें जीतेगी : अमित शाह

## कहा... अगले महीने 'अंग, बंग, कलिंग' में भाजपा की सरकारें होंगी

### गृह मंत्री का दावा, अगर पार्टी जीतती है तो यहां का भूमिपुत्र ही बनेगा मुख्यमंत्री



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लोगों ने परिवर्तन के लिए पूरे उत्साह से मतदान किया तथा अगले महीने 'अंग, बंग और कलिंग' क्षेत्र में भाजपा की सरकारें होंगी। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करेगी और पहले चरण में हुए मतदान में शामिल 152 सीट में से 110 से अधिक सीट जीतेगी। उन्होंने 92 प्रतिशत से अधिक मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि बंगाल के लोगों ने पहले चरण में सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और परिवर्तन के लिए उत्साहपूर्वक मतदान किया। उन्होंने कहा कि मैं निर्वाचन आयोग और सुरक्षा बलों को पहले चरण के मतदान के दौरान किसी की मौत नहीं होने देने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने बताया कि 2016 के विधानसभा चुनाव में 1,278 लोग और 2021 में 1,681 लोग घायल हुए थे। शाह ने दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का जाना तय है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पांच मई के बाद 'अंग, बंग और कलिंग' में हमारा शासन होगा। शाह ने कहा कि शुरू से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दृष्टिकोण रहा है कि देश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों का समान विकास हो और पश्चिम बंगाल में सरकार बनाकर उस दृष्टिकोण को साकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अगर भाजपा की सरकार बनी तो उसका पहला मुख्यमंत्री बंगाल में जन्मा और बांग्ला बोलने वाला व्यक्ति होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यह अफवाह फैला रही हैं कि अगर पार्टी जीतती है तो यहां 'बाहरी लोगों' को शासन में लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में सरकार बनने के बाद भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस से सांसद अभिषेक बनर्जी की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं उन निर्वाचन क्षेत्रों को आश्वस्त करना चाहता हूं जहां अभी चुनाव होने बाकी हैं कि हम 'सिंडिकेट राज' और 'भाईपो कर' को खत्म कर देंगे। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार पर एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा और उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जाएगी।





## वोडाफोन आइडिया मोबाइल शुल्क दरों में करेगी मामूली संशोधन: सीईओ

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) की फिलहाल मोबाइल शुल्क दरों में व्यापक बढ़ोतरी की योजना नहीं है लेकिन वह मौजूदा दरों में मामूली संशोधन कर सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वोडाफोन आइडिया का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अन्य दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने हाल ही में प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज प्लान की दरों में करीब चार-पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ऐसी स्थिति में विश्लेषकों ने चालू वर्ष की पहली छमाही में शुल्क दरों में लगभग 15 प्रतिशत तक वृद्धि की आशंका जताई है।

## पश्चिम बंगाल के अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी नीति आयोग के उपाध्यक्ष बनेंगे



**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल से दो प्रतिष्ठित नाम, अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोवर्धन दास क्रमश: नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य बनेंगे। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लाहिड़ी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य हैं। दास भोपाल स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक हैं। इस पद को ग्रहण करने से पहले, वह नयी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 'स्पेशल सेंटर फॉर मॉलिकुलर मेडिसीन' में प्रोफेसर और अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।






## आधी आबादी का गिरफ्त में आना चिंताजनक

निस्संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है। यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है। वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है। लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में तेजी से आ रहे बदलावों के चलते लोग मोटापे, मधुमेह, तनाव व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जानलेवा संकट भी बढ़ रहा है। हमें स्वीकार करना होगा कि आजादी के बाद देश में आम आदमी के जीवन स्तर में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है। लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं। इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है। धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं। जो हमारी गभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फेरने जैसा है। यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं।

हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है। जिसके लिये राजग सरकार को श्रेय देना होगा। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। यह जागरूकता भारत में भी है। लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है। प्रधानमंत्री 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं। लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है। विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं। तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया। लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं। विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है। जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ाया है। फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं। जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है। देर रात तक मोबाइल व इंटरनेट पर सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से हमारी नींद में खलल पड़ा है। नींद पूरी न होने से तनाव व अवसाद बढ़ा है। हमारा देर से भोजन करना, देर से सोना और सुबह देर से उठना भी रोगों का कारक बना है। हमने जबसे खाने में पारंपरिक पौष्टिकता के बजाय स्वाद को प्राथमिकता देनी शुरू की है, तभी से शरीर में जरूरी विटामिनों की कमी बढ़ी है। प्रदूषित खान-पान की भी इस संकट में भूमिका है। वहीं सहज-सरल व्यवहार हमारे स्वस्थ होने की गारंटी है।

# इतिहास के नाम पर परोसा गया सफेद झूठ और सत्ता की शुतुरमुर्गी चाल



अशोक प्रवृद्ध

सुनिए, और जरा कान खोलकर सुनिए! इस देश में गजब हो रहा है। सदियों से जो जहर ब्रिटिश ईसाई हुकूमत ने हमारी रगों में भरा, जिसे इतिहास का नाम देकर स्कूल-कॉलेजों की किताबों में ठूसा गया, आज भी उसी फेक नैरेटिव की आरती उतारी जा रही है। ताज्जुब तो देखिए, गोरे चले गए, लेकिन उनकी दी हुई वह अशिक्षा और जातीय विद्वेष की घुट्टी आज भी हमारे सिस्टम के गले के नीचे उतर रही है। सच तो यह है कि अंग्रेजों ने भारत को सिर्फ लूटा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को खंडित करने के लिए जाति और अज्ञानता का वह जाल बुना, जिसमें हम आज भी फँसे हैं। यह कोई इत्तेफाक नहीं था, यह एक सोची-समझी ईसाई मिशनरी और ब्रिटिश शासन की चाल थी ताकि सनातनी समाज खुद को हीन समझे। और विडंबना देखिए? आजादी के अमृत काल में भी वही सड़ा-गला नैरेटिव सच्चा इतिहास बनकर सीना ताने खड़ा है। क्या यह बौद्धिक गुलामी नहीं है?

क्या यह सरकार की मौन सहमति और जनभावना का अपमान नहीं है? बिहार, उत्तरप्रदेश, असम आदि विधानसभा चुनावों में चुनाव लड़ चुकी और आगे भी चुनाव लड़ने की इच्छुक एक नई राजनितिक दल राष्ट्रीय सनातन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वजीत सिंह अनंत ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जब सरकार से कहा कि इस ऐतिहासिक पाप के लिए सार्वजनिक क्षमा मांगी जाए, तो उम्मीद थी कि सत्ता के गलियारों में हलचल होगी। लेकिन हुआ क्या? ढाक के वही तीन पात। सरकार ने जनभावनाओं को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। यह उपेक्षा सिर्फ एक पार्टी की नहीं, बल्कि उस हर सनातनी की, है जो अपनी जड़ों की तलाश में है। सवाल यह है कि आखिर दिल्ली की सत्ता को किन आकाओं का डर है कि वे इस झूठ को झुठलाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे? हद हो गई है, आखिर स्वतंत्रता विरोधियों का महिमामंडन करने की मानसिकता पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है? अब तो पराकाष्ठा हो गई है। शिक्षण संस्थानों में उन चेहरों को चमकाया जा रहा है जिन्होंने कभी देश की आजादी की राह में रोड़े अटकाए थे। जो भारत की एकता के खिलाफ थे, उन्हें नायक बनाया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों के सिलेबस में ऐसे लोगों का महिमामंडन दरअसल आने वाली पीढ़ियों के साथ किया जा रहा, सबसे बड़ा विश्वासघात है। यह शिक्षा नहीं, बल्कि वैचारिक जहर की खेती है।

राष्ट्रीय सनातन पार्टी ने साफ कर दिया है- अब यह बर्दाश्त नहीं होगा। इतिहास के पृष्ठों पर जमी धूल झटकनी ही होगी। अगर सरकार अपनी शुतुरमुर्गी चाल से बाहर नहीं आती, तो याद रखिए, चुनाव करीब हैं। भारतीय जनता भले ही चुप दिखे, लेकिन जब वह वोट की चोट करती है, तो बड़े-बड़े सिंहासन रेत के महल की तरह ढह जाते हैं। जो इतिहास का अपमान करेगा, जनता उसे भविष्य के कूड़ेदान में डाल देगी। इसलिए अब फैसला सत्ता को करना है- वह मैकाले की औलादों के साथ खड़ी है या इस देश की सनातन चेतना के साथ? ऐसे में हुल्लफाड़ सच है कि मैकाले के मानसपुत्रों की विदाई का वक्त आ गया है। बात सीधी है और उतनी ही कड़वी। जिसे हम स्वतंत्र भारत का इतिहास कहते हैं, वह असल में लंदन के पुस्तकालयों में बैठकर बुना गया एक ऐसा मकड़जाल है, जिसका मकसद सिर्फ और सिर्फ सनातनी समाज को आपस में लड़ाना था। अंग्रेजों ने डिवाइड एंड रूल का जो फार्मूला जातियों के नाम पर तैयार किया, उसे आज के सत्ताधीश सामाजिक न्याय और इतिहास का मुलम्मा चढ़ाकर बेच रहे हैं।

इसके लिए वे आर्यन इन्वेजन की थ्योरी का सहारा ले रहे हैं, जो सांप का जहर है। सबसे बड़ा झूठ तो वहीं से शुरू हुआ- जब हमें सिखाया गया कि हम अपनी ही जमीन पर बाहर से आए हमलावर हैं। ब्रिटिश ईसाई हुकूमत ने आर्यन इन्वेजन का जो फर्जी नैरेटिव गढ़ा, उसका एक ही लक्ष्य था- हिन्दुओं को उनकी जड़ों से काटना और ईसाइयत के लिए रास्ता साफ करना। ताज्जुब देखिए, विज्ञान ने इसे नकार दिया, डीएनए ने इसे झुठला दिया, लेकिन हमारे सरकारी सिलेबस में आज भी यह फेक नैरेटिव सच बनकर बैठा है। क्यों? क्योंकि सरकार को डर है कि अगर सच सामने आया, तो उनका बनाया हुआ जातिगत वोट बैंक ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगा।

हद तो तब हो जाती है जब स्वतंत्रता के विलेन को नायक बताया जाता है। कॉलेजों में उन लोगों के नाम पर विभाग बनाए जाते हैं और उनकी मूर्तियां लगती हैं, जिन्होंने खुल्लमखुल्ला विभाजन का समर्थन किया था या जो ब्रिटिश हुकूमत के वफादार बनकर देशभक्तों की मुखबिरी करते थे। जिन्होंने सनातन धर्म को गाली देना ही अपना बौद्धिक विमर्श मान लिया, उन्हें आज का मसीहा बनाया जा रहा है। राष्ट्रीय सनातन पार्टी का गुस्सा वाजिब है- क्या इस देश के असली नायकों, ऋषियों और महान राजाओं के लिए इतिहास में सिर्फ दो पृष्ठ भी नहीं हैं? राष्ट्रीय सनातन पार्टी के द्वारा सरकार से सार्वजनिक माफी की मांग किया जाना कोई राजनीतिक स्टंट नहीं था। यह करोड़ों लोगों की उस पीड़ा की अभिव्यक्ति थी, जो हर रोज अपने बच्चों को स्कूलों में अपना अपमान पढ़ते देखते हैं। सरकार का मौन रहना यह बताता है कि लुटियंस दिल्ली की आत्मा आज भी औपनिवेशिक दासता की बेड़ियों में जकड़ी है। उन्हें जनभावना की फिक्र नहीं, उन्हें सिर्फ अपने इंटरनेशनल नैरेटिव की चिंता है। राष्ट्रीय सनातन पार्टी और इस सनातनी विचार के समर्थकों का कहना है -सियासतदानों, कान खोलकर सुन लो! भारत अब वह देश नहीं रहा जो चुपचाप अपमान पी जाए। शिक्षा के नाम पर बौद्धिक आतंकवाद और इतिहास के नाम पर फेक नैरेटिव की उम्र अब खत्म हो चुकी है। आगामी चुनावों में जनता यह नहीं देखेगी कि किसने कितनी सड़कें बनाईं, बल्कि यह देखेगी कि किसने भारत की सांस्कृतिक अस्मिता का सौदा किया। राष्ट्रीय सनातन पार्टी ने बिगुल फूंक दिया है। जो सनातन का नहीं, वह अब सत्ता का भी नहीं। जनता अब उन लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी जो विदेशी चश्मे से भारत को देखते हैं।


सीधा सा सवाल है-क्या हम एक आजाद मुल्क हैं या आज भी मैकाले की उसी वैचारिक लेबोरेटरी में पैदा हुए चूहे हैं, जिन्हें जैसा सिखाया जा रहा है, वैसा ही बोल रहे हैं? ब्रिटिश ईसाई हुकूमत ने भारत को लूटने के लिए उसे अनपढ़ और जातिवादी घोषित किया। उन्होंने नैरेटिव गढ़ा कि भारत तो कबीलों का देश था, जिसे ईसाइयत और अंग्रेजों ने सभ्य बनाया। और हमारे आजाद भारत के हुक्मरानों ने इसी जहरीले झूठ को सच्चा इतिहास बताकर पीढ़ियों के खून में घोल दिया। साजिश का असली चेहरा है- वेदों से नफरत और आक्रमणकारियों से प्रेम।

जरा सोचिए, जिन मदरसों और चर्च-प्रेरित शिक्षा पद्धतियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को अंधविश्वास कहा, उन्हें तो सिर-आंखों पर बिठाया गया। लेकिन जिन्होंने इस धरती के लिए रक्त बहाया, उन्हें इतिहास के हाशिए पर धकेल दिया गया। यह मौलिक सच है कि आज भी स्कूलों में पढ़ाया जा रहा है कि भारत की जाति व्यवस्था अंग्रेजों से पहले सिर्फ शोषण का जरिया थी, जबकि हकीकत यह थी कि हमारी जाति व्यवस्था ही वह अभेद्य किला थी, जिसने भारत को पूरी तरह इस्लामिक और ईसाई होने से बचाए रखा। अंग्रेजों ने इसी किले को तोड़ने के लिए इसे विद्वेष का नाम दिया, और आज की सरकारें उसी दरार में अपनी राजनीति की फसल उगा रही हैं।

आजादी के गद्दारों की आरती और सनातनियों का तिरस्कार कर रही हैं। राष्ट्रीय सनातन पार्टी ने जब सरकार से माफी की मांग की, तो वह मांग नहीं, बल्कि इस राष्ट्र के स्वाभिमान की दहाड़ थी। लेकिन सत्ता का अहंकार देखिए, उन्हें फर्क नहीं पड़ता। आज भी विश्वविद्यालयों में उन लोगों का महिमामंडन हो रहा है, जो भारत तेरे टुकड़े होंगे की मानसिकता के वैचारिक पूर्वज थे। जिन लोगों ने 1947 में विभाजन की जमीन तैयार की, जो अंग्रेजों के जी हजूर बने रहे, उनके नाम पर सड़कों और इमारतों के नाम आज भी सीना ताने खड़े हैं। क्या यह उन क्रांतिकारियों का अपमान नहीं है जिन्होंने सनातन स्वराज के लिए फांसी के फंदों को चूमा था? लेकिन दुखद यह है कि सत्ता के गलियारों में आज भी औपनिवेशिक भूत बैठे हैं। सरकार कहती है कि हम बदल रहे हैं। लेकिन क्या बदला? सिर्फ पेंट? अंदर का ढांचा तो आज भी वही है। वही नौकरशाही, वही शिक्षा नीति और वही हिन्दू व मुस्लिम फोबिया से ग्रस्त पाठ्यक्रम। जब तक भारत सरकार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार नहीं करती कि पिछले 75 सालों में इतिहास के नाम पर बौद्धिक नरसंहार किया गया है, तब तक कोई भी सुधार बेमानी है।

-लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# संदर्भ-पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मतदान में आई क्रांति



प्रमोद भार्गव

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडू में हुए बढ़-चढ़कर मतदान ने इतिहास रच दिया है। इसे 'वोट क्रांति' कह सकते है। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण में 92.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडू की सभी 234 सीटों पर 84.95 प्रतिशत मतदान ने पिछले सब रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले तमिलनाडू में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29 प्रतिशत था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पिछले 2021 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले बंगाल में 9.02 प्रतिशत अधिक मतदान रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि आजादी के बाद हुए निर्वाचन के इतिहास में किसी भी राज्य एवं केंद्र शासित राज्य में इतना मतदान पहले कभी नहीं हुआ। इससे पहले रिकॉर्ड पुडुचेरी में 9 अप्रैल 2026 को हुए विधानसभा चुनाव का मतदान 89.87 प्रतिशत रहा है। इस मतदान में पुर्वानुमान लगाने वाले टीवी चैनलों को भी संशय में डाल दिया है। इस बड़े मतदान को बंगाल में भाजपा के पक्ष में माना जा रहा है। बहरहाल, परिणाम जो भी आएं, इस मतदान से परिपक्व संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र की मजबूती दिखाई देती है।

हालांकि जिस तरह का माहौल है, उससे तय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित षाह ने घुसपैठ को अपनी सभाओं में बड़ा मुद्दा बनाया और हिंदुत्व की लहर फैलाकर हिंदू वोट का ध्रुवीकरण करने में वे सफल रहे। कांग्रेस की स्थिति इस राज्य में इसलिए खराब होती रही है, क्योंकि वह बंगाल के सीमावर्ती जिलों में अवैध प्रवासियों को षरण देने की पैरवी करती रही है। इसीलिए कांग्रेस ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और एसआईआर का भी विरोध किया। भाजपा ने चुनाव के लिए जो रचनात्मक तैयारी की, उसके चलते निश्पक्ष और निडर मतदान का माहौल पूरे प्रदेश में बना। अतएव दूसरे राज्यों में रह रहे मतदाता बड़ी संख्या में वापिस लौटे और मतदान किया। खासकर मालदा, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर पहुंचने वाले मतदाताओं की संख्या अधिक रही। मुस्लिम मतदाताओं ने भी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत और केरल से आकर बड़ी संख्या में वोट डाले। एसआईआर की प्रक्रिया के चलते मतदाताओं में यह धारणा बनी कि मतदान नहीं करने पर मतदाता सूची से नाम कट सकता है। इस कारण नागरिकता भी गंवानी पड़ सकती है। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को बार-बार उछाला। तृणमूल यहां मोदी और शाह के आक्रामक चुनाव प्रचार के आगे अस्तित्व बचाए रखने के लिए जूझ रही है। अंतिम सांसे गिन रहे कांग्रेस और वाममोर्चा का प्रयास रहा है कि अपने-अपने पारंपरिक और छिटक चुके मतदाताओं तक पहुंच बनाकर वोट डलवा लें। गोया, इस बार सभी राजनीतिक दल पूरे समय अधिकतम मतदान के लिए सक्रिय रहे। इसी का नतीजा रहा कि रिकॉर्ड मतदान ईवीएम में कैद हो गया। यह मतदान उस गहरी राजनीतिक हलचल और विभाजित सामाजिक चेतना के संकेत हैं, जो इस बार के चुनाव को असाधारण बना रही हैं। यह रिकॉर्ड इसलिए भी बना, क्योंकि एसआईआर के चलते 91 लाख वोट हटाए गए हैं। ग्रामीण महिलाएं समूहों के रूप में मतदान के लिए आईं।

इसी तरह तमिलनाडू में भी पहली बार मतदाताओं ने बड़े तापमान के बीच भारी मतदान किया। यहां सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ है। तमिलनाडु के 5.73 करोड़ मतदाताओं ने 84.69 प्रतिशत मतदान करके इतिहास रच दिया है। इसके पहले सर्वाधिक 78.12 प्रतिशत मतदान 2011 में हुआ था। तब एआईए-डीएमके की मुखिया रहीं जयललिता ने डीएमके को करारी शिकस्त देकर सत्ता के गलियारे से बाहर कर दिया था। यहां एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 74 लाख मतदाता बाहर हुए हैं। अतिम षाह इस बढ़े मतदान को टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाने का आधार बता रहे हैं। हालांकि यहां अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच कड़ा मुकाबला है। बहरहाल, ऊंट किस करवट बैठता हैं, यह तो परिणाम के बाद ही पता चलेगा।

बावजूद बड़े मत-प्रतिशत का सबसे अह्म, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुश्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है, तो किसी धर्म, जाति, भाशा या क्षेत्र विशेश से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रावीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है। कालांतर में यह स्थिति मतदाता को धन व षराब के लालच से भी मुक्त कर देगी। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृश्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होता है ? बावजूद इन चुनावों में जातीय और अल्पसंख्यक राजनीति सभी दलों की कार्यशैली में खुले रूप में दिखाई दी है। साफ है, जातीय कुचक्र का धरातल नीचे से नहीं, बल्कि ऊपर से बनाए रखने के उपाय किए जा रहे हैं।

बढ़ा हुआ यह मतदान विशुद्ध रूप से मतदाता की मनस्थिति से उपजा प्रतिशत है, क्योंकि अब मतदाता इन वास्तविकताओं को समझने लगा है कि घुसपैठिए उनके बुनियादी संसाधनों को हथियाने के साथ धर्मांतरण के हथकंडे भी अपना रहे हैं। इसलिए वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। ज्यादातर चुनावों में कुलीन मतदाता इसलिए मतदान नहीं करते हैं, क्योंकि एक तो वे मौसम की मार झेलने में स्वयं को समर्थ नहीं पाते हैं, दूसरे वे अपनी बड़ी हैसियत का ख्याल रखते हुए लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान से बचते हैं। लेकिन बंगाल और तमिलनाडु में हुए मतदान से पता चलता है कि इस बार कुलीन मतदाताओं ने भी चुनावी यज्ञ में मतदान की आहुतियां दी हैं। अन्यथा मतदान का प्रतिशत इतना ऊंचा नहीं पहुंचता। यह स्थिति मतदाता में बढ़ती राजनीतिक चेतना का प्रतीक भी है। वैसे भी लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की अधिकतम भागीदारी में निहित है। बावजूद भारतीय लोकतंत्र की विशेषता है, कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक और चुनावी सर्वे एजेंसियां परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाकर परिणामों के शत-प्रतिशत सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं।

## देश - विदेश

### अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान युद्ध को दुनिया के लिए उपहार बताया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ ने ईरान युद्ध को शुक्रवार को दुनिया के लिए उपहार बताया और कहा कि ईरानी जहाजों पर अमेरिकी नाकाबंदी 'जब तक आवश्यक होगा' तब तक जारी रहेगी। वह अमेरिका के रक्षा विभाग मुख्यालय पेंटागन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के लिए ईरानी खतरे को समाप्त करने के वाशिंगटन के 'साहसिक एवं खतरनाक' मिशन को पूरा करने के वास्ते ईरानी जहाजों पर अमेरिकी नाकाबंदी 'जब तक आवश्यक होगा' तब तक जारी रहेगी। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि नाकाबंदी के कारण अब तक 34 जहाजों को वापस भेज दिया गया है, लेकिन पोत-ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि ईरान अब भी अपने प्रतिबंधित तेल का कुछ हिस्सा स्थानांतरित करने में सक्षम है। नौवहन डेटा और खुफिया जानकारी से जुड़ी कंपनी 'लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस' ने कहा कि फारस की खाड़ी में 'अवैध बेड़ों की आवाजाही का एक निरंतर प्रवाह' रहा है, जिसमें ईरानी माल से भरे 11 टैंकर भी शामिल हैं जो 13 अप्रैल से जलडमरूमध्य के बाहर ओमान की खाड़ी से रवाना हुए हैं। समुद्री खुफिया फर्म विंडवर्ड ने इस सप्ताह कहा कि ईरानी यातायात 'धोखे के माध्यम से' जारी है। ईरानी पोत ट्रैकिंग डेटा में हेराफेरी करके और पाकिस्तानी जलक्षेत्र से यात्रा करके नाकाबंदी से बचने में सक्षम हैं।

### ईरान के शीर्ष राजनयिक युद्धविराम पर बातचीत के लिए पाकिस्तान का दौरा कर रहें

**इस्लामाबाद :** ईरान के शीर्ष राजनयिक शुक्रवार को पाकिस्तान की यात्रा पर जा रहे हैं, जहां अधिकारी अमेरिका और ईरान को युद्धविराम वार्ता के दूसरे दौर के लिए सहमत करने की कोशिश में जुटे हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने पुष्टि की है कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची 'द्विपक्षीय विचार-विमर्श'' और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित यात्रा के लिए पाकिस्तान जा रहे हैं। एजेंसी ने बताया कि वह ओमान और रूस की भी यात्रा करेंगे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब विश्व के ज्यादातर देश एक ऐसे युद्ध को लेकर चिंतित है जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से ईंधन के निर्यात को बाधित कर दिया है, वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है और पश्चिम एशिया में हजारों लोगों की जान ली है। इससे पहले, दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि अराघची एक छोटे सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ पाकिस्तान जा रहे हैं। अराघची की पाकिस्तान यात्रा और किसी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के भी ऐसा करने के बारे में पूछे गए सवालों पर व्हाइट हाउस ने फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया।

## गिरिधर राय की चुनावी कुँडलिया



गिरिधर राय
प्रतिष्ठित हास्य कवि

### ।। जीत का दावा ।।

**दावा सबका जीत का, हारेगा तब कौन**
**जनता भ्रम में है पड़ी, लोकतंत्र है मौन**
**लोकतंत्र है मौन, दाव सबने है खेला**
**अनहोनी ना होय, बढ़े ना कहीं झमेला**
**कहते गिरधर राय- कहीं फूटे ना लावा**
**रहे सुरक्षित बंग, करो ना ऐसा दावा**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 अप्रैल, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष नवमी, 18:33 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 20:05 तक, योग : गांदा, 23:43 तक, सूर्योदय: 05:08, सूर्यास्त: 18:00, चन्द्रोदय : 12:27, चन्द्रास्त: 01:03, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 08:23 से 09:59

## राशिफल

**मेष :** अआज का दिन थोड़ा भागदौड़ और दबाव भरा रह सकता है। एक साथ कई काम आने से मन उलझा रहेगा और बाहर किसी से कहासुनी होने के भी संकेत हैं।

**वृष** : आज आप कुछ खास करके दिखाने वाले हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी और आपकी कार्यकुशलता सभी को प्रभावित करेगी। आज का दिन सफलता की ओर बढ़ने का है।

**मिथुन** : आज का दिन मस्ती और हल्के-फुल्के पलों से भरा रहेगा। काम के लिए सही मार्गदर्शन मिलेगा और मेहनत का फल भी मिलेगा। परिवार के सामने कोई पुरानी बात या राज उजागर हो सकता है।

**कर्क :** आज आपका आत्मविश्वास ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। बिजनेस में कोई बड़ी डील अटक सकती है, लेकिन हिम्मत न हारें। मामा पक्ष से धन लाभ के योग हैं।

**सिंह** : आज आपको हर मोर्चे पर संतुलन बनाना होगा। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। विदेश से जुड़े काम करने वालों को खुशखबरी मिल सकती है। प्रेम जीवन में मधुर पल आएंगे।

**कन्या :** आज आपका मान-सम्मान बढ़ने वाला है। आपकी रचनात्मकता निखरेगी और लोग आपकी तारीफ करेंगे। आय-व्यय का संतुलन बनाकर चलना जरूरी है।

**तुला :** आज बदलाव का दिन है। नौकरी में बदलाव के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आप खुद के लिए कुछ नया खरीदेंगे-जैसे कपड़े, मोबाइल या लैपटॉप। रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**वृश्चिक** : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा। मां की सेहत में सुधार होगा, जिससे मन को राहत मिलेगी।

**धनु :** आज का दिन संतुलित लेकिन फलदायक रहेगा। काम की व्यस्तता ज्यादा रहेगी, लेकिन आप हर काम समय पर पूरा करने की कोशिश करेंगे। संतान की ओर से खुशखबरी मिलने के संकेत हैं।

**मकर :** आज तकनीकी और ज्ञान से जुड़े क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। आप सीखने के हर मौके को पकड़ेंगे। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। जीवन में तालमेल बनाए रखना जरूरी है।

**कुम्भ :** आज नई शुरुआत का समय है। आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन :** आज बिजनेस में सफलता के संकेत हैं। योजनाओं पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन उससे भविष्य में लाभ मिलेगा। कोई पुरानी समस्या खत्म होगी, जिससे राहत मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3420

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | ■ | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | | | | | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | 18 | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | | ■ |
| | ■ | 23 | | | | 24 | | ■ | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | ■ | 28 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 2) बनावट, 3) बारह इंच का माप, 4) दाँत, 5) स्त्री, 6) दुष्कर्म, 10) मर्दुमशुमारी, 11) *10-25* आयु वर्ष का लड़का, 12) ईश्वरीय शक्ति, 13) पठनकक्ष, 16) छोर, 17) पटाना, 18) एक पुण्य-क्षेत्र, 19) मानदंड, 21) तबादला, 23) डींग, 25) शर्त. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) कानाफूसी, 7) जल्दी से, 8) समयघोष, 9) फबना, 11) गुनगुना, 13) पत्नी, 14) जलयान, 15) नभचर, 16) अत्याचारी, 19) तीक्ष्ण, 20) गपोड़ी 22) फिर से शुरू होनेवाला *(साल)*, 23) कदाचित्, 24) अलावा, 26) अज्ञानी, 27) एक फल, 28) अप्रसन्नता.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ई | ष्या | ■ | ज | ब | त | ब | ■ | मं | शा |
| मा | ■ | प्र | श्न | ■ | त्वा | ■ | सं | ग | म |
| न | क़ा | ब | ■ | धा | व | ■ | ■ | ल | ■ |
| दा | ■ | ल | ता | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह |
| र | सा | ■ | क | फ़ | न | ■ | सू | र | ■ |
| ■ | ख | ल | ना | ■ | ■ | प | ता | ■ | सि |
| उ | ■ | बा | ■ | अ | क | ड़ | ■ | नु | क्स |
| ल | प | ल | पा | ना | ■ | ता | लु | क़ | ■ |
| टा | ■ | ब | ■ | ड़ी | ■ | ल | ■ | ता | ली |

## सुडोकू-पहेली-3378

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 3 | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | 9 | | | | | 4 | |
| 4 | | | 7 | | 2 | | | |
| | 6 | | | 9 | | | | |
| 3 | | 5 | | | | | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 1 | | | 5 | | | 2 | | |
| | 5 | | | | 4 | 8 | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3377 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 |

# बंगाल में 'परिवर्तन की लहर' पहले चरण के मतदान में स्पष्ट दिखी : मोदी

### 'बेटी को डॉक्टर बनाया, तृणमूल के महाजंगलराज ने उसे छीन लिया', आरजी कर पीड़िता की मां के साथ बोले पीएम

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में पहले चरण के मतदान में 'परिवर्तन की लहर' स्पष्ट रूप से दिखाई दी और यह तृणमूल कांग्रेस के 'महा जंगलराज' के अंत का संकेत है। दमदम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पानीहाटी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारी मतदान का मतलब भाजपा का समर्थन बढ़ना और तृणमूल की 'तानाशाही' को नकारा जाना है। मोदी ने कहा कि बंगाल में लंबे समय से जो बदलाव की लहर दिखाई दे रही थी, कल के पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। कल भाजपा के पक्ष में मिले समर्थन ने उसकी जीत का शंखनाद कर दिया है। उन्होंने उन महिला उम्मीदवारों का जिक्र किया जिन्हें भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें आरजी कर अस्पताल बलात्कार–हत्या मामले की पीड़िता की मां और संदेशखाली मामले की पीड़िता शामिल हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी ने उन लोगों को प्रतिनिधित्व दिया है जिन्होंने अन्याय सहा है। मोदी ने पानीहाटी से पार्टी की उम्मीदवार व आरजी कर बलात्कार–हत्या मामले में पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ का जिक्र करते हुए कहा कि इस मां ने डॉक्टर बनने में अपनी बेटी की मदद की। लेकिन तृणमूल ने उस बेटी को इनसे छीन लिया। हमने उस मां को उम्मीदवार बनाया है। मोदी ने कहा कि भाजपा ने संदेशखाली की पीड़िता को भी नेतृत्व करने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने रैली के दौरान कहा कि बंगाल में जहां तृणमूल ने अपनी तानाशाही से लोकतंत्र के मंदिर को ध्वस्त कर दिया था, वहां के लोगों ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू कर दिया है। अब दूसरे चरण में आपको इस मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है।




## तृणमूल ने बंगाल की पहचान मिटायी, बंगालियों को अपना घर छोड़ने को मजबूर किया : पीएम मोदी

❑ कहा... 'जादवपुर विश्वविद्यालय जैंसे प्रमुख संस्थानों को अव्यवस्था औंर राजनीतिक धमकियों के प्रतीक में बदल दिया'

❑ जादवपुर की जनता से पीएम मोदी का वादा– 'बेकार नहीं जाने दूंगा तप'

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने 15 वर्षों तक राज्य को लूटा, भ्रष्टाचार और घुसपैठ के माध्यम से राज्य की पहचान को नष्ट कर दिया और जादवपुर विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थानों को अव्यवस्था और राजनीतिक धमकियों के प्रतीक में बदल दिया। जादवपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत बारुईपुर इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि एक दिन पहले हुए प्रथम चरण के मतदान से भाजपा के पक्ष में मजबूत लहर होने का संकेत मिलता है और कहा कि तृणमूल कांग्रेस शायद अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप भीषण गर्मी सहन कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका प्रयास व्यर्थ नहीं जाएगा। मैं इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करके आपकी लगन का भरपूर प्रतिफल दूंगा। मोदी ने दावा किया कि भाजपा सभी व्यवसायों और सामाजिक वर्गों के लोगों की पसंद के रूप में उभरी है और कहा कि बंगाल में हर जगह उनकी पार्टी के लिए समर्थन दिखाई दे रहा है। उन्होंने बंगाल में प्रथम चरण के चुनाव में बड़े पैमाने पर हुए मतदान के संदर्भ में कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद बंगाल की जनता ने इस बार जो कमाल किया है, ऐसा प्रदर्शन पहले नहीं देखा गया। हर जगह इस बात की चर्चा हो रही है कि बंगाल में भाजपा को कितना जबरदस्त समर्थन मिला है। उन्होंने दावा किया कि 'छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारियों तक', और 'टैक्सी चालकों से लेकर रिक्शा चालकों तक', लोग निडर होकर भाजपा के साथ खड़े थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों, वकीलों और डॉक्टरों ने भी खुले तौर पर पार्टी का समर्थन किया है। पहली बार मतदान करने वालों और युवा मतदाताओं से अपील करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने पहले ही चुनावों की दिशा तय कर दी है और लोगों से आग्रह किया कि वे दूसरे और अंतिम चरण में और भी अधिक मतदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में टीएमसी ने केवल बंगाल को लूटने का काम किया है। भ्रष्टाचार से कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। भर्ती में कथित अनियमितताओं, चिट फंड धोखाधड़ी, कोयला और रेत खनन घोटालों, राशन वितरण अनियमितताओं और 'कट मनी' संस्कृति का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि बंगाल के लोग जवाबदेही चाहते हैं।

## जब तक एक भी भाजपा कार्यकर्ता जीवित है बंगाल में बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं होने देंगे : अमित शाह



❑ **गृह मंत्री का दावा, अगर भाजपा सत्ता में आई तो राज्य में बंद हुई फैक्ट्रियां फिर से खोलेंगे**

❑ **कहा... 'बंगाल में भाजपा पशु तस्करी, राजनीतिक हिंसा के खिलाफ कार्रवाई करेगी'**

**कोलकाता/हुगली, समाज्ञा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद बनाने के लिए पार्टी के एक निलंबित नेता को अनुमति देने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जब तक राज्य में पार्टी का एक भी कार्यकर्ता जीवित है, भाजपा इसका निर्माण नहीं होने देगी। एक के बाद एक चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद मवेशी तस्करी और राजनीतिक हिंसा में शामिल लोगों से इतनी सख्ती से निपटा जाएगा कि उनकी अगली तीन पीढ़ियां भी ऐसा करने की नहीं सोचेंगी। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए शासन, कानून व्यवस्था और रोजगार के मोर्चों पर विफलता का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बंगाल को आतंकवाद, दंगों और घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। शाह ने हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में कहा कि पिछले 550 वर्षों से, पहले मुगलों ने, फिर अंग्रेजों ने, कांग्रेस ने और ममता ने राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया। और 2019 में, जब आपने मोदी को वोट देकर प्रधानमंत्री बनाया, तब जाकर मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और उन पर निलंबित पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद का निर्माण शुरू करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि अब ममता अपने सहयोगी हुमायूं कबीर के साथ बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहती हैं। दीदी, याद रखिए कि जब तक बंगाल में एक भी भाजपा कार्यकर्ता जीवित है, हम यहां बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए गरीबों की नौकरियां और राशन छीन रहे हैं। पांच मई के बाद उनकी पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने राज्य में अपनी पार्टी की जीत का पूरा भरोसा जताया। उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद महिलाएं रात के दो बजे भी बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से घूम सकेंगी। शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य के सभी बंद उद्योगों को फिर से खोला जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

इससे पहले उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो मवेशी तस्करी और राजनीतिक हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर मवेशी तस्कर 5 मई के बाद ऐसा कोई अपराध करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें पूरी जिंदगी जेल में बितानी पड़ेगी। मवेशी तस्करी में शामिल लोगों को इतनी कड़ी सजा दी जाएगी कि उनकी आने वाली पीढ़ियां भी ऐसा करने की हिम्मत नहीं करेंगी। शाह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों को यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्हें बख्श दिया जाएगा। पांच मई के बाद उन सभी को जेल में डाल दिया जाएगा।

## मोदी बंगाल के पर्यटन के 'सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर' हैं : अभिषेक बनर्जी

**हावड़ा, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान राज्य के गंगा घाटों, सड़कों और 'स्ट्रीट फूड' का प्रदर्शन करके वह अनजाने में राज्य पर्यटन के 'सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर' बन गए हैं। हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर और डोमजुर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मोदी की सार्वजनिक उपस्थिति ने राज्य पर्यटन को बढ़ावा देने में आधिकारिक पर्यटन अभियानों से कहीं अधिक योगदान दिया है, जिसमें झाड़ग्राम में फुटपाथ पर झालमुड़ी खाना और गंगा के किनारे टहलना शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर बंगाल का इस तरह प्रचार–प्रसार न किया गया होता कि गंगा



कितनी सुंदर है, झाड़ग्राम की सड़कें कितनी विकसित हैं, तो देश के लोग इस बारे में जान ही नहीं पाते। ममता बनर्जी की 'मां–माटी–मानुष' सरकार के पर्यटन के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर नरेन्द्र मोदी हैं। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने भाजपा के गठबंधन सरकार वाले राज्यों में शासन के रिकॉर्ड पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस सड़क पर वह (मोदी) चल रहे हैं, वह ममता बनर्जी की सरकार ने बनवाई है, फुटपाथ झाड़ग्राम नगरपालिका ने बनाया है, और झालमुड़ी बेचने वाले इस लड़के का घर बिहार में है, जहां मोदी की अपनी 'डबल इंजन' वाली सरकार है। वह आर्थिक मजबूरी में बंगाल आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता खुद को 'बेनकाब' कर रहे हैं।

## यह चुनाव बंगाल को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने के प्रयास का विरोध करने के लिए है : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में 'अपने विभाजनकारी एजेंडे को थोपने' की कोशिश कर रही ताकतों को शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव राज्य को 'कमजोर' करने और उस पर नियंत्रण करने के एक व्यवस्थित प्रयास का प्रतिरोध करने को लेकर है। ममता ने 'एक्स' पर लिखा कि बंगाल को 'कमजोर' करने के हर प्रयास का निर्णायक लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि दिल्ली में बैठे लोग बंगाल के अधिकारों को छीनने और अपना एजेंडा थोपने की साजिश रच रहे हैं, लेकिन उन्हें यह बात अच्छी तरह



समझ लेनी चाहिए कि बंगाल की जनता सब देख रही है और वे अपने वोट के जरिए जवाब देंगे। यह चुनाव बंगाल को कमजोर करने और उस पर नियंत्रण करने के व्यवस्थित प्रयास का विरोध करने को लेकर है। ममता ने कहा कि चौरंगी, भवानीपुर, जादवपुर और टॉलीगंज में मैंने लोगों को स्पष्ट इरादे, दृढ़ संकल्प, एकता के साथ बंगाल, उसकी पहचान और उसके भविष्य की रक्षा के लिए तत्–परता से उमड़ते देखा। जो लोग यह मानते हैं कि वे दिल्ली से बंगाल चला सकते हैं, उसकी राजनीति तय कर सकते हैं, उसके लोगों को बांट सकते हैं और उसकी संस्कृति को विकृत कर सकते हैं, वे बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं। इस भूमि की स्मृति लंबी है और इसकी रीढ़ की हड्डी बहुत मजबूत है। उन्होंने दावा किया कि निरंतर बाधाओं के बावजूद विकास बंगाल के हर घर तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी कल्याणकारी योजनाएं जीवन रेखा हैं और कोई भी ताकत, चाहे वह खुद को कितनी भी शक्तिशाली क्यों न समझे, इसे जनता से छीन नहीं सकती। बंगाल आज प्रगति, शांति और गरिमा के लिए तनकर खड़ा है। जनता का प्रेम और विश्वास हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही हमें आगे बढ़ाती है और बंगाल को कमजोर करने के हर प्रयास को विफल कर देगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने और बंगाल की भाषा, संस्कृति और भविष्य की रक्षा के लिए मतदान करने का आह्वान किया।

## 'पीएम मोदी ने मेरे साहसिक संघर्ष की सराहना की', आरजी कर पीड़िता की मां ने कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर चिकित्सालय दुष्कर्म और हत्या प्रकरण की पीड़िता की मां तथा पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रत्ना देबनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके साहसिक संघर्ष की सराहना की है। रत्ना देबनाथ ने बताया कि पानीहाटी में आयोजित जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा कि वह बहुत साहस के साथ लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग और उसकी पहचान सार्वजनिक करने की इच्छा जताई, तब प्रधानमंत्री ने उनके सिर पर हाथ रखकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान वह लोगों से न्याय की अपील कर रही हैं और जनता भी चाहती है



कि उनकी बेटी को इंसाफ मिले। उन्होंने कहा कि कोई भी यह स्वीकार नहीं कर सकता कि एक चिकित्सक की अस्पताल के भीतर इतनी निर्ममता से हत्या कर दी जाए। रत्ना देबनाथ ने कहा कि उनकी बेटी दुष्ट व्यवस्था की शिकार हुई। वह जानना चाहती हैं कि ऐसी बुराई की जड़ें कितनी गहरी हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि अगली पीढ़ी इस प्रकार की किसी भी व्यवस्था का शिकार न बने। उन्होंने भावुक होकर कहा कि जिस पीड़ा से उनका परिवार गुजरा, वैसी स्थिति किसी अन्य माता–पिता को न झेलनी पड़े। वह केवल अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए जीवित हैं। महिला सुरक्षा को चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बेटी के अनेक सपने थे, लेकिन एक फोन कॉल ने पूरा जीवन बदल दिया। अब उन्होंने संकल्प लिया है कि किसी दूसरी बेटी को ऐसी घटना का शिकार नहीं होने देंगी। रत्ना देबनाथ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता घटना के चार दिन बाद उनके घर आई थीं और कहा था कि असली दोषी पकड़ा जा चुका है। लेकिन उन्होंने उसी समय कहा था कि गिरफ्तार व्यक्ति वास्तविक दोषी नहीं हो सकता, क्योंकि वह अस्प–ताल के बाहर था, जबकि उनकी बेटी अंदर थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा अपराध किसी एक व्यक्ति का काम नहीं हो सकता। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री ने भी माना था कि अस्पताल के भीतर से कौन लोग शामिल थे, इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन उसके बाद कोई प्रगति नहीं हुई।



रायदिघी में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

## शराब की दुकानें खुलते ही उमड़ी भीड़, चुनावी 'ड्राई डे' के बाद दिखी लॉकडाउन जैसी तस्वीर

**कोलकाता :** चुनावी माहौल के बीच तीन दिनों तक बंद रहने के बाद जैसे ही राज्यभर में लाइसेंस प्राप्त शराब की दुकानें और बार खुले, जगह–जगह भारी भीड़ देखने को मिली। आबकारी विभाग के निर्देश के अनुसार, पहले चरण के मतदान से 48 घंटे पहले यानी 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था। मतदान समाप्त होते ही शुक्रवार को दुकानें खुलीं और सुबह से ही ग्राहकों की लंबी कतारें लग गईं।

शहर से लेकर जिलों तक लगभग हर दुकान के सामने एक जैसा नज़ारा देखने को मिला। कई जगह तो दुकान खुलने से पहले ही लोगों की लंबी लाइन लग गई थी। यह दृश्य लोगों को कोरोना काल के उस समय की याद दिला गया, जब लॉकडाउन में ढील मिलते ही शराब की दुकानों



पर इसी तरह की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

व्यवसायियों के अनुसार, तीन दिन की बंदी के बाद मांग अचानक बढ़ गई, जिसके कारण बिक्री में भी उछाल देखा गया। दूसरी ओर, ग्राहकों में भी इस छोटे से अंतराल का पूरा फायदा उठाने की होड़ दिखी।

सूत्रों के मुताबिक, दूसरे चरण के मतदान से पहले एक बार फिर यही नियम लागू होगा। 26 अप्रैल शाम 6 बजे से राज्यभर में दोबारा शराब की दुकानें बंद कर दी जाएंगी। यानी पहले और दूसरे चरण के बीच केवल लगभग ढाई दिन के लिए ही दुकानें खुली रहेंगी। ऐसे में यह साफ है कि सीमित समय में ही खरीदार और दुकानदार दोनों इस मौके को भुनाने में जुटे हुए हैं।

### कालीघाट में भाजपा कार्यकर्ता को धमकाने का आरोप,

## शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दक्षिण कोलकाता में भाजपा की एक कार्यकर्ता को उसके आवास पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा डराया–धमकाया गया और उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से तत्काल कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता बीना दास को बुधवार की देर शाम 'गुंडों' के एक समूह ने निशाना बनाया, उनके घर को घेर लिया और पार्टी के लिए घर–घर जाकर प्रचार करने के कारण उन्हें परेशान किया। विपक्ष के नेता ने कहा कि यह विपक्ष को दबाने और इस भ्रष्ट शासन के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिला पार्टी कार्यकर्ताओं को आतंकित करने का एक स्पष्ट प्रयास है। उन्होंने इस घटना को गत गुरुवार को चुनाव के पहले चरण में दर्ज किए गए लगभग 93 प्रतिशत के उच्च मतदान से जोड़ा और दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी 'आसन्न हार' के बाद 'डरी हुई' है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कालीघाट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है और उन्होंने निर्वाचन आयोग से 'तत्काल संज्ञान' लेने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने आगाह किया कि अगर स्थानीय पुलिस इस गुंडागर्दी पर मूकदर्शक बनी रही, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की धमकियों से परिवर्तन नहीं रुकेगा।

## 'सपने जैसा पल, साथ रहने का दिया संदेश', पीएम मोदी को नाव में घुमाने वाले नाविकों ने सुनाया अनुभव

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुक्रवार की सुबह हुगली नदी में नौका विहार के दौरान नाव चलाने वाले नाविकों और नाव मालिकों ने इस अनुभव को यादगार और भावुक कर देने वाला क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें अंतिम समय तक यह जानकारी नहीं थी कि उनकी नाव पर देश के प्रधानमंत्री सवार होने वाले हैं। पीएम को नौका विहार कराने वाले नाविक गौरांग बिस्वास ने कहा कि उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि देश के प्रधानमंत्री उनकी नाव पर बैठेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने यात्रा के दौरान अपने कैमरे से स्वयं तस्वीरें लीं और उनके निर्देश पर नाव को गंगा की बीच धारा तक ले जाया गया। गौरांग बिस्वास ने कहा कि प्रधानमंत्री ने केवल एक बार उनका नाम पूछा और शांत भाव से आसपास के दृश्यों का आनंद लेते रहे। उन्होंने कहा कि वह बेहद खुश हैं और यह अनुभव उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है। वहीं, प्रधानमंत्री के दौरे के लिए नाव उपलब्ध कराने वाले नाव मालिक मोहम्मद इफ्तिखार अहमद ने भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह यहां काम करने वाले एक व्यक्ति ने उनसे सात नावों की मांग की। जब उन्होंने पूछा कि क्या किसी विशेष व्यक्ति के लिए नाव चाहिए, तो उन्हें बताया गया कि कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके बाद, सभी नावों को घाट पर तैयार कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने से



लगभग पांच मिनट पहले उन्हें बताया गया कि देश के प्रधानमंत्री आने वाले हैं। मोहम्मद इफ्तिखार अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नाविकों से बातचीत के दौरान कहा कि सभी लोगों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ रहना चाहिए।

# वोटिंग के दिन बाइक चलाने पर रोक नहीं लगा सकता चुनाव आयोग : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव से पहले बाइक चलाने पर लगाई गई पाबंदियों को लेकर बड़ा फैसला आया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने साफ कहा है कि चुनाव आयोग कानून-व्यवस्था के नाम पर मोटरसाइकिल चलाने पर पूरी तरह रोक नहीं लगा सकता है। अदालत ने माना कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव जरूरी हैं, लेकिन इसके नाम पर आम लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही पर संपूर्ण प्रतिबंध उचित नहीं है। बता दें कि चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें मतदान से दो दिन पहले और मतदान के दिन रात 6 बजे से सुबह 6 बजे तक मोटरसाइकिल के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। केवल मेडिकल इमरजेंसी या जरूरी पारिवारिक कारणों में ही छूट दी गई थी। इस आदेश को अधिवक्ता ऋतांकर दास ने चुनौती दी थी। उनका कहना था कि इस तरह की पाबंदी आम लोगों खासकर पेशेवरों की आवाजाही और कामकाज को प्रभावित करती है और यह उनके मौलिक अधिकारों पर असर डालती है। जस्टिस कृष्णा राव की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए व्यापक अधिकार जरूर हैं, लेकिन ये अधिकार कानून के दायरे में रहकर ही इस्तेमाल किए जा सकते हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि सिर्फ 'फ्री और फेयर इलेक्शन' के नाम पर मोटरसाइकिल चलाने पर पूरी तरह रोक लगाना समझ से परे है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसा संपूर्ण प्रतिबंध उचित नहीं है और इसे हटाया जाना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने पूरी तरह से सभी प्रतिबंध नहीं हटाए। कुछ नियमों को संशोधन के साथ बरकरार रखा गया है। चुनाव से दो दिन पहले से बाइक रैलियों पर रोक जारी रहेगी, ताकि किसी भी तरह की हिंसा या तनाव को रोका जा सके। मतदान से 12 घंटे पहले बाइक पर दो लोगों के साथ बैठने पर रोक रहेगी, लेकिन मेडिकल इमरजेंसी या जरूरी कामों में छूट दी गई है। मतदान के दिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक परिवार के साथ बाइक पर बैठकर वोट डालने या जरूरी कामों के लिए जाने की अनुमति दी गई है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कुछ जरूरी सेवाओं को इस पाबंदी से बाहर रखा जाएगा। ओला, उबर, जोमैटो, स्विगी जैसी सेवाओं से जुड़े लोग, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और अन्य जरूरी सेवाओं में लगे लोग पहचान पत्र के साथ बाइक का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया गया कि जरूरी सेवाएं बाधित न हों। अदालत ने कहा कि राज्य में पहले से ही पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात हैं जो चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त हैं। इसके अलावा वाहनों की जांच की भी व्यवस्था है। ऐसे में सभी लोगों पर एक साथ प्रतिबंध लगाना जरूरी नहीं है। कोर्ट के मुताबिक, इस तरह का संपूर्ण प्रतिबंध कानून में कहीं भी स्पष्ट रूप से प्रावधानित नहीं है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव कराने का अधिकार है, लेकिन उसे मौजूदा कानूनों और नियमों का पालन करना होगा।



# पूर्व रेलवे की संड्री आय में जबरदस्त वृद्धि, गैर-भाड़ा राजस्व को मिली मजबूती

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सहायक आय (संड्री अर्निंग्स) के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए गैर-भाड़ा राजस्व को सुदृढ़ किया है। यह उपलब्धि नवाचार आधारित राजस्व सृजन और रेलवे परिसंपत्तियों के अधिकतम उपयोग पर केंद्रित रणनीति का परिणाम है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पूर्वी रेलवे ने कुल 204.72 करोड़ रुपये की संड्री आय अर्जित की, जो वर्ष 2024-25 के 153.55 करोड़ रुपये की तुलना में 33.32 प्रतिशत अधिक है। विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें विज्ञापन एवं प्रचार से आय में 31.20 प्रतिशत, खानपान सेवाओं में 97.29 प्रतिशत, एनआईएनएफआरआईएस से 43.65 प्रतिशत, पे एंड यूज़ शौचालयों से 17.07 प्रतिशत तथा पार्किंग से 7.55 प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है।

व्यावसायिक उपयोग को विस्तार देने के उद्देश्य से 'मिसलेनियस स्टैटिक सर्विसेज' के तहत कई नई पहलें लागू की गईं। इसके अंतर्गत स्टेशनों पर 61 मेडिकल स्टोर, 20 मोबाइल फूड वैन, 13 मोबाइल एवं एक्सेसरी कियोस्क, 11 रिटेल स्टोर तथा अन्य सेवाओं के लिए 58 अनुबंध सफलतापूर्वक किए गए। इन सभी अनुबंधों का कुल मूल्य 41.31 करोड़ रुपये है, जिससे गैर-भाड़ा राजस्व को और मजबूती मिली है।

पूर्व रेलवे ने इस अवधि में अपने वार्षिक संड्री आय लक्ष्य को 14.55 प्रतिशत से अधिक हासिल किया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह सफलता प्रभावी विपणन रणनीतियों, अनुबंधों के त्वरित निष्पादन, इंडियन रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया तथा वाणिज्यिक और संबंधित विभागों के बेहतर समन्वय का परिणाम है। संड्री आय, यात्री और माल भाड़ा राजस्व के पूरक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण और नवाचारपूर्ण व्यावसायिक रणनीतियों पर लगातार जोर देते हुए पूर्वी रेलवे इन संसाधनों को यात्री सुविधाओं के उन्नयन और आधारभूत संरचना के विकास में पुनर्निवेश कर रहा है। रेलवे प्रशासन ने भविष्य में भी गैर-भाड़ा राजस्व बढ़ाने के नए अवसरों की खोज जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

### दिग्गज बंगाली अभिनेता बिप्लव दासगुप्ता का निधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'गुमनामी' और 'जुल्फिकार' जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज बंगाली अभिनेता बिप्लव दासगुप्ता का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, दासगुप्ता पिछले कुछ समय से सर्जरी के बाद होने वाली स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रहे थे। शुक्रवार को टॉलीगंज स्थित गोल्फ क्लब रोड आवास पर बेचैनी महसूस होने के बाद दासगुप्ता को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डाबर हाजमोला का नया अभियान 'मस्ती की पाठशाला', बच्चों को बनाएगा ज्यादा एक्टिव

**कोलकाता, समाज्ञा :** डाबर इंडिया लिमिटेड ने बच्चों में शारीरिक सक्रियता और खेल-कूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने नए अभियान हाजमोला मस्ती की पाठशाला की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों को मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। अभियान की शुरुआत कोलकाता के इच्छापुर स्थित ईस्ट प्वाइंट स्कूल में आयोजित विशेष सत्र से हुई, जिसमें कंपनी के ब्रांड एक्टिवेशन मैनेजर विपुल अग्रवाल भी मौजूद रहे। यह अभियान उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 20 प्रमुख शहरों के 550 स्कूलों में चलाया जाएगा, जिससे करीब 2.5 लाख छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के तहत छात्रों के लिए मजेदार खेलों के सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे शारीरिक गतिविधियों में भाग लें। साथ ही, स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सत्र लेकर फिटनेस, एकाग्रता और पाचन सुधार जैसे पहलुओं पर भी जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

# दहेज के 15 हजार रुपये के लिए नवविवाहिता की मौत

**❑ 7 साल बाद अदालत ने पति समेत तीन को ठहराया दोषी**

**चुंचुड़ा :** दहेज के मात्र 15 हजार रुपये की बकाया रकम को लेकर एक नवविवाहिता पर कथित अत्याचार और उसकी संदिग्ध मौत के मामले में सात साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। शुक्रवार को चुंचुड़ा अदालत के द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शुभ्रा भौमिक भट्टाचार्य ने इस मामले में पति, ससुर और सास को दोषी करार दिया। मामले में सजा का ऐलान आगामी सोमवार, 27 अप्रैल को किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, 2 मार्च 2017 को मगरा की निवासी स्वर्णमयी मंडल की शादी जीराट के कालियागढ़ निवासी संजीत राजवंशी से हुई थी। आरोप है कि शादी के समय लड़के पक्ष की ओर से 50 हजार रुपये नकद के साथ गहने और अन्य सामान की मांग की गई थी। पीड़िता के पिता प्रशांत मंडल ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार गहने और अन्य सामान देने के साथ 35 हजार रुपये नकद दिए, लेकिन 15 हजार रुपये की कमी रह गई।

परिवार का आरोप है कि इसी बकाया राशि को लेकर शादी के बाद से ही स्वर्णमयी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार समझौते की कोशिशें भी की गईं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। शादी के महज नौ महीने बाद, 16 जनवरी 2018 को स्वर्णमयी का शव ससुराल से फंदे पर लटका हुआ बरामद हुआ।

घटना के बाद पीड़िता के पिता ने बलागढ़ थाने में पति संजीत राजवंशी, ससुर कृष्णचंद्र राजवंशी और सास झरना राजवंशी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच तत्कालीन जांच अधिकारी उज्ज्वल डे ने की थी।

लंबे कानूनी संघर्ष के बाद अदालत द्वारा आरोपियों को दोषी ठहराए जाने से पीड़िता के परिवार को कुछ हद तक राहत मिली है। परिवार ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। अब सभी की नजरें 27 अप्रैल को होने वाले सजा के ऐलान पर टिकी हैं।

# पूर्व रेलवे का विजन 2026: एआई और नैतिकता के संगम से स्मार्ट सफर की तैयारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के फेयरली प्लेस स्थित मुख्यालय में एआई युग में सप्लाई चेन मैनेजमेंट का भविष्य विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड मटेरियल्स मैनेजमेंट के कोलकाता चैप्टर द्वारा किया गया। जहां एआई मिलती है आंतरिक बुद्धिमत्ता से की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में रेलवे के विभिन्न जोनों ईसीआर, एसईआर, ईआर, ईसीओआर, एनएफआर, मेट्रो रेलवे और सीएलडब्ल्यू के वरिष्ठ अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एवं आईआरआईएलएमएम के संरक्षक मिलिंद देउस्कर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अतिरिक्त महाप्रबंधक तथा सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं आईआरआईएलएमएम के चेयरमैन संदीप शुक्ला के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने रेलवे संचालन में आधुनिक तकनीकों के समावेशन के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी सर्वोत्मानंद को शॉल और उत्तरीय भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं महाप्रबंधक ने उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में रेलवे इंजन का मॉडल भी प्रदान किया। अपने मुख्य संबोधन में मिलिंद देउस्कर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सप्लाई चेन प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, जिससे सामग्री की उपलब्धता सही समय और स्थान पर सुनिश्चित होगी तथा संसाधनों की बर्बादी कम होगी। स्वामी सर्वोत्मानंद जी ने अपने प्रेरक संबोधन में एआई की तकनीकी जटिलताओं के साथ-साथ आध्यात्मिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्नत तकनीक के उपयोग के दौरान नैतिकता और मानवीय मूल्यों को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने जिम्मेदार प्रशासन पर जोर देते हुए कहा कि ऑटोमेशन के दौर में भी सार्वजनिक सेवा और मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में अधिकारियों ने इन नई अवधारणाओं के व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का समापन आईआरआईएलएमएम के कन्वीनर एवं सीएमएम/वैगन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं आईआरआईएलएमएम के सचिव शिबराम माझी ने कहा कि यह संगोष्ठी आधुनिक तकनीक और नैतिक मूल्यों के समन्वय के माध्यम से अधिक पारदर्शी, कुशल और यात्री-केंद्रित रेलवे प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पूर्वी रेलवे भविष्य में भी नवाचार के जरिए यात्रियों के लिए सुरक्षित, सहज और बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गर्मी में सफर होगा आसान, पूर्व रेलवे ने बढ़ाईं स्पेशल ट्रेनों की संख्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों के शुरू होते ही यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इसके तहत, 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाली ये विशेष ट्रेनें हावड़ा, कोलकाता, आसनसोल, दुर्गापुर, मालदह टाउन और भागलपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से देश के विभिन्न प्रमुख गंतव्यों कानपुर, न्यू जलपाईगुड़ी, गोरखपुर, खाटीपुरा और हदपसर के लिए चलाई जा रही हैं। 25 से 27 अप्रैल के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को 09702 हावड़ा-खाटीपुरा स्पेशल, 05753 मालदह टाउन-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल और 01452 हावड़ा-हदपसर स्पेशल में स्लीपर और एसी श्रेणियों में कन्फर्म सीट मिल सकती है। इसके अलावा, 05031 कोलकाता-गोरखपुर, 09464 मालदह टाउन-गांधीधाम और 05931 कोलकाता-डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेनों में भी विभिन्न श्रेणियों में बर्थ उपलब्ध हैं। 28 से 30 अप्रैल के बीच 04158 कोलकाता-कानपुर सेंट्रल, 05155 कोलकाता-छपरा, 08402 कोलकाता-भुवनेश्वर, 01702 हावड़ा-जबलपुर, 09604 हावड़ा-मदार जंक्शन और 04513 हावड़ा-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेनों में भी यात्रा विकल्प उपलब्ध रहेंगे। पूर्व रेलवे ने सभी श्रेणियों में हजारों अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराए हैं।

# आंकड़ों से नहीं, बंगाल की जागरूक जनता से घबराई टीएमसी : धर्मेंद्र प्रधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के संदर्भ में डेरेक ओ ब्रायन और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनावी शुचिता सुनिश्चित करने के लिए की गई 'वोटर लिस्ट की सफाई' से टीएमसी का विचलित होना उसकी राजनीतिक असुरक्षा को दर्शाता है। डेरेक ओ'ब्रायन के बयानों पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि आपका चुनिंदा अंकगणित केवल उसी बिंदु को पुख्ता करता है, जिसे आप नकारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मतदाता सूची से अवैध घुसपैठियों, डुप्लीकेट प्रविष्टियों और संदिग्ध नामों को हटाया जाता है, तो मतदान प्रतिशत स्वाभाविक रूप से एक स्वच्छ और अधिक विश्वसनीय आधार को दर्शाता है।

प्रधान ने बंगाल की जनता के साहस की सराहना करते हुए कहा कि तमाम सुधारों के बावजूद 3 करोड़ से अधिक नागरिकों ने मतदान में हिस्सा लिया है। उन्होंने इसे इस बात का स्पष्ट संकेत बताया कि राज्य की जनता अब भय और राजनीतिक डराने-धमकाने के बजाय लोकतांत्रिक भागीदारी को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक रूप से शर्मनाक है कि टीएमसी वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों की बजाय हटाए गए संदिग्ध नामों का बचाव कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस पार्टी ने जनविश्वास के साथ शासन किया हो, उसे चुनावी शुचिता का स्वागत करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल वही लोग जांच से डरते हैं, जिन्होंने वर्षों तक दोषपूर्ण मतदाता सूचियों और नियंत्रित मतदान पैटर्न के आधार पर राजनीति की है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के भीतर दिख रही बेचैनी आंकड़ों की नहीं, बल्कि इस एहसास की है कि बंगाल के असली मतदाता की आवाज अब गूंजने लगी है। श्री प्रधान ने विश्वास जताया कि मतगणना के दिन कोई चुनिंदा आंकड़े नहीं, बल्कि जनता का अंतिम फैसला सामने आएगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी के लिए सबसे बड़ा झटका वह शांतिपूर्ण बदलाव होगा, जिसके तहत बंगाल में कमल खिलेगा।

### अमेजन ने लॉन्च किया एआई स्टोर, एआई-पावर्ड डिवाइसेज की खोज में 60% की बढ़ोतरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन की भारतीय वेबसाइट अमेजन.इन ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक समर्पित एआई स्टोर लॉन्च किया है, जिससे ग्राहक एआई-पावर्ड डिवाइसेज को आसानी से खोज, तुलना और खरीद सकेंगे। इस स्टोर में लैपटॉप, स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, एसी, रेफ्रिजरेटर, टैबलेट और वियरेबल्स सहित कई श्रेणियों के उत्पाद उपलब्ध हैं। एआई आधारित डिवाइसेज की खोज में साल-दर-साल 60% की वृद्धि दर्ज की गई है। खास बात यह है कि इन सर्च का लगभग दो-तिहाई हिस्सा टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहा है, जो देशभर में स्मार्ट तकनीक की बढ़ती पहुंच को दर्शाता है। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर जेबा खान ने कहा कि एआई स्टोर का उद्देश्य ग्राहकों को नई तकनीक को सरल तरीके से समझने और सही उत्पाद चुनने में मदद करना है। यह प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को बिना जटिल तकनीकी जानकारी के बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह पहल भारत में एआई तकनीक को आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### अमेजन इंडिया लाया खेत से ताजे आम, अब हर घर तक आसान डिलीवरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने इस गर्मी के मौसम में ग्राहकों के लिए खेत से ताजे आम सीधे घर तक पहुंचाने की पहल शुरू की है। कंपनी के अनुसार, अमेजन प्लेटफॉर्म पर अल्फांसो, केसर, रसपुरी, सफेदा, सिंधुरी और तोतापुरी सहित कई लोकप्रिय किस्में उपलब्ध कराई गई हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए एआई-आधारित शॉपिंग असिस्टेंट 'रूफस' को भी शामिल किया गया है, जो पसंद और बजट के अनुसार आम चुनने में मदद करता है। इसके अलावा, अमेजन लेंस के जरिए फोटो अपलोड कर समान उत्पाद खोजने की सुविधा भी दी गई है। कंपनी ने 'आम-एजिंग' स्टोरफ्रंट और अमेजन फ्रेश के माध्यम से ताजे आम, आमरस, आइसक्रीम, पेय और अचार जैसे उत्पादों को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया है। कुछ शहरों में तेज़ डिलीवरी और आकर्षक छूट भी दी जा रही है। अमेजन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों को आम के पूरे सीजन का बेहतर और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करना है।

### शाओमी ने भारत में रेडमी ए7 और रेडमी ए7 प्रो किए लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** शाओमी ने भारतीय बाजार में अपनी नई रेडमी ए7 सीरीज लॉन्च कर दी है, जिसमें रेडमी ए7 और रेडमी ए7 प्रो शामिल हैं। कंपनी ने किफायती सेगमेंट में भरोसेमंद परफॉर्मेंस और लंबी बैटरी लाइफ पर जोर दिया है। रेडमी ए7 में 6.88 इंच और ए7 प्रो में 6.9 इंच का एचडी+ डिस्प्ले दिया गया है, जो 120एचजेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है। बेहतर विजुअल अनुभव के लिए टीयूवी राइनलैंड सर्टिफिकेशन और वेट टच तकनीक भी शामिल है। दोनों स्मार्टफोन 15डबल्यू चार्जिंग और स्मार्ट बैटरी मैनेजमेंट फीचर से लैस हैं। 64जीबी स्टोरेज और एलपीडीडीआर4एक्स रैम के साथ वर्चुअल रैम एक्सपेंशन की सुविधा दी गई है। कैमरा सेटअप में 13एमपी रियर और 8एमपी फ्रंट कैमरा शामिल है। कीमत की बात करें तो रेडमी ए7 की शुरुआती कीमत 10,499 रुपये और ए7 प्रो की 11,499 रुपये रखी गई है। बिक्री 24 अप्रैल से प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर शुरू होगी।

### गोदरेज इंडस्ट्रीज ने नए उद्देश्य और ब्रांड पहचान की घोषणा की

**कोलकाता :** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने अपने नए 'उद्देश्य' और ब्रांड पहचान का अनावरण किया। यह ग्रुप के विकासक्रम में एक निर्णायक मोड़ है, जो इसकी नई पहचान, रणनीति और महत्वाकांक्षा को भविष्य की प्रगति के साथ जोड़ता है। 129 वर्षों की सुदृढ़ विरासत और नए स्वरूप की आधुनिक ऊर्जा से प्रेरित यह पहचान ग्रुप के कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, रियल एस्टेट, फाइनेंशियल सर्विसेज, एग्रीकल्चर और केमिकल्स जैसे विविध पोर्टफोलियो में एक स्पष्ट रणनीतिक तालमेल स्थापित करती है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के मनोनीत अध्यक्ष, पिरोजशा गोदरेज ने कहा, '1897 से निरंतर निर्माण, हर आने वाले कल का' हमारे उस विश्वास को दर्शाता है कि मूल्य और परिणाम सदैव साथ चलने चाहिए। जैसे-जैसे हम विस्तार कर रहे हैं, यही विचारधारा हमें ऐसे व्यवसाय खड़ा करने के लिए प्रेरित करता रहेगा जो सफल होने के साथ-साथ ज़िम्मेदार भी हों। गोदरेज इंडस्ट्रीज़ की कार्यकारी निदेशक और मुख्य ब्रांड अधिकारी, तान्या दुबाश ने कहा, यह नई ब्रांड पहचान इस बात का प्रतिबिंब है कि हम कौन हैं और हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह गोदरेज ब्रांड की मज़बूती को और सुदृढ़ करती है, साथ ही भविष्य की हमारी महत्वाकांक्षाओं को एक आधुनिक और एकीकृत स्वरूप प्रदान करती है।

### आसुस ने एआई-संचालित फ्लैगशिप एक्सपर्टबुक अल्ट्रा किया लॉन्च, उत्कृष्टता के लिए खास डिजाइन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आसुस ने भारत में अपना एआई-संचालित फ्लैगशिप लैपटॉप एक्सपर्टबुक अल्ट्रा लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने एक्सपर्टबुक पी सीरीज का विस्तार करते हुए एक्सपर्टबुक पी3 और एक्सपर्टबुक पी5 पेश किए हैं। कंपनी के अनुसार, यह श्रृंखला 'चिंता-मुक्त व्यवसाय' अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। एक्सपर्टबुक अल्ट्रा एक कोपायलट+ पीसी है, जिसमें इंटेल कोर अल्ट्रा सीरीज 3 प्रोसेसर, उन्नत एआई क्षमताएं और लगभग 0.99 किलोग्राम का हल्का डिजाइन दिया गया है। इसमें 3के ओएलईडी डिस्प्ले, 120 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट, 26 घंटे तक की बैटरी लाइफ, डॉल्बी ऑडियो और एंटरप्राइज-स्तर की सुरक्षा जैसे फीचर्स शामिल हैं। कीमत की बात करें तो एक्सपर्टबुक अल्ट्रा की शुरुआती कीमत 2,39,990 रुपये है और इसकी प्री-ऑर्डर बिक्री फ्लिपकार्ट पर शुरू हो चुकी है।

### अमेरिका में पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय दूतावास की खास प्रदर्शनी, आतंकवाद पर सख्त संदेश

**कोलकाता :** भारतीय दूतावास ने वाशिंगटन डीसी में पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर 'द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित की। इस अवसर पर भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 26 पीड़ितों को श्रद्धांजलि देना और सीमा पार आतंकवाद, विशेषकर पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की भूमिका को उजागर करना था। प्रदर्शनी में अमेरिकी कांग्रेस के करीब 19 सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रवासी भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों और अन्य साझेदारों ने भाग लिया। सभी ने भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी सहयोग को और मजबूत करने तथा आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट रहने का संकल्प व्यक्त किया। भारतीय दूतावास ने 23 अप्रैल को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी निर्दोष पीड़ितों की स्मृति को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। डिजिटल प्रदर्शनी में विश्व भर में हुए प्रमुख आतंकी हमलों को भी प्रदर्शित किया गया, जिनमें 1993 मुंबई बम विस्फोट और 2008 मुंबई आतंकी हमले शामिल हैं। इस दौरान नरेंद्र मोदी के आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख का उल्लेख करते हुए राजदूत क्वात्रा ने कहा कि भारत आतंकवाद से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और दुनिया के सभी देशों को इस दिशा में एकजुट होना होगा। वहीं, अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमैन ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि 'द रेजिस्टेंस फोर्स' के हमलावरों ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया और इस समूह को व्यापक रूप से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा माना जाता है।

# श्रद्धा, एकता और संकल्प के अद्भुत संगम के साथ भव्य जिनालय निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह विधिवत तरीके से संपन्न

**कोलकाता :** दिगम्बर जैन समाज के लिए कोलकाता शहर में एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक क्षण साकार हुआ, जब 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय के भव्य निर्माण हेतु शिलान्यास समारोह अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में सर्व विनोद काला, महेंद्र पांड्या, कमल नयन जैन, अशोक सरावगी, संजय पहाड़िया, संजय काला, देवेन्द्र गदिया, रजनीश काला, सिद्धार्थ काला, मनोज सरावगी, पंकज बडजात्या, संजय कासलीवाल, निशांत पांड्या, राजू काला, राजेंद्र पांड्या, कौशिक गंगवाल, मनोज पाटनी, सुधीर जैन, राकेश झांझरी, विजय पाटनी, अनिता गंगवाल, शर्मिला पाटनी, रश्मि जैन, रजनी पाण्ड्या, नवीना गदिया, संगीता काला, रश्मि झांझरी, किरन काला, हीरा पांड्या



जैसे सम्माननीय लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

यह गौरवपूर्ण अवसर जैन समाज के हर लोगों के मन में बसी हुई वर्षों पुरानी आकांक्षा के साकार होने का प्रतीक बना। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं, शिलादाता परिवारों, ट्रस्टियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह दिव्य अनुष्ठान पूर्ण विधि-विधान से संपन्न हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति एवं उत्साह के भाव से ओत-प्रोत कर दिया। इस पावन क्रम की शुरुआत 22 अप्रैल को आयोजित भूमिपूजन एवं वास्तु-विधान से हुई, जिसके पश्चात 23 अप्रैल को शिलान्यास का मुख्य कार्यक्रम विधिवत तरीके से संपन्न हुआ। मुख्य शिलान्यास कर्ता सुभाष बडजात्या परिवार ने प्रथम शिला रखी। इसके उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वयं शिला अर्पित कर इस महायज्ञ में सहभागिता की। जिससे यह आयोजन एक जन संकल्प का स्वरूप लेता हुआ प्रतीत हुआ।

उल्लेखनीय है कि इस भव्य शिलान्यास की पृष्ठभूमि कोलकाता के कलामंदिर में गत 5 अप्रैल 2026 को आयोजित प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम से तैयार हुई थी। उस कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण, ट्रस्ट पदाधिकारी एवं प्रमुख समाजजन द्वारा व्यक्त प्रेरणा, समर्थन एवं आह्वान का ही प्रत्यक्ष परिणाम इस भव्य शिलान्यास समारोह में देखने को मिला।

# आलिया विश्वविद्यालय में 'ड्रीम बिग' और लक्ष्य निर्धारण पर जोर, छात्रों के लिए विशेष कार्यशाला

**❑ छात्रों ने 31 प्रकार के करियर विकल्पों में दिखाई रुचि**

**कोलकाता :** आलिया विश्वविद्यालय ने 19 अप्रैल को अपने पार्क सर्कस परिसर में युवा छात्रों के प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारण विषय पर एक विस्तृत प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में लगभग 200 स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थी छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन आलिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रफीकुल इस्लाम ने किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को बड़े सपने देखने और छात्र जीवन के शुरुआती दौर में ही अपने करियर लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय उनके लक्ष्यों को साकार करने में हर



संभव सहायता प्रदान करेगा।

कार्यशाला के दौरान छात्र-प्रतिभागियों ने कुल 31 प्रकार के करियर लक्ष्यों की इच्छा व्यक्त की, जिनमें शिक्षण, उद्यमिता, आईएएस/आईपीएस/आईआरएस, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और न्यायिक प्रशासन जैसे क्षेत्र शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति और एक महान वैज्ञानिक प्रो. जेन आलम ने अपने जीवन की प्रेरक यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने एक गांव के प्राथमिक विद्यालय से अपनी शिक्षा शुरू की और निरंतर प्रयासों के बल पर एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और कुलपति के पद तक पहुंचे। दूसरे वक्ता इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल रिफॉर्म एंड रिसर्च के निदेशक, कल्याणी विश्वविद्यालय के पूर्व डीन (एसडब्ल्यू) तथा आईआईएसआरआर-इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च के प्रधान संपादक प्रो. असीत कुमार दास ने अपने जीवन के संघर्षों और असफलताओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर पर उन्हें कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ा और विषय परिवर्तन करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें अपने करियर लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कई उतार-चढ़ाव भरे रास्तों से गुजरना पड़ा। अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने छात्रों से आत्ममंथन करने को कहा क्या आप सपने देखते हैं? क्या आपने अपने करियर लक्ष्य स्वयं तय किए हैं या अभिभावकों के दबाव में? क्या आपने असफलताओं से कुछ सीखा है?

प्रो. दास ने फेल्यर इज द पिलर ऑफ सक्सेस के प्रसिद्ध कथन को दोहराते हुए स्कॉटलैंड के राजा रॉबर्ट ब्रूस की प्रेरक कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रॉबर्ट ब्रूस ने छह बार असफल होने के बावजूद हार नहीं मानी और एक मकड़ी से प्रेरणा लेकर सातवें प्रयास में अपना राज्य वापस हासिल किया। उन्होंने छात्रों को संदेश दिय मैं जीतूंगा, मैं जीतूंगा, मैं जीतूंगा का संकल्प लेकर निरंतर प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी।


इस दौरान ओएनक्यूएनेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ जनाब फैजान नवाज खान ने 'जीरो से हीरो' बनने की अपनी उद्यमिता यात्रा साझा की और बताया कि कैसे उन्होंने अपने सपनों को साकार कर एक सफल कॉर्पोरेट संस्थान की स्थापना की, जिसमें आलिया विश्वविद्यालय के कई पूर्व छात्र भी कार्यरत हैं। वहीं, जनाब रौनक जमील अंसारी, आईआरएसएस संयुक्त आयुक्त, कस्टम्स, कोलकाता, एमडी बुरहान जमान आईडीएएस अधिकारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने व्याख्यानों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से आए छात्रों ने कई महत्वपूर्ण और गहन प्रश्न पूछे, जिनका वक्ताओं और मेंटर्स ने विस्तार से उत्तर दिया। मेंटर शिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बल्कि आवश्यकता इस बात की है कि मार्गदर्शक उन्हें समय देकर सही दिशा दिखाएं और उनमें बड़े सपने देखने की प्रेरणा जगाएं। कार्यशाला और प्रश्नोत्तर सत्र का सफल संचालन डॉ. जाकिर हुसैन मोल्ला ने किया। कार्यक्रम को छात्रों और प्रतिभागियों ने बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

# सीजेआई ने बंगाल विधानसभा चुनावों के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान पर जतायी खुशी

## सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची से बाहर हुए चुनाव ड्यूटी अधिकारियों को अपीलीय न्यायाधिकरण जाने को कहा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जिन लोगों का नाम जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई का मामला बनता है, उनकी याचिकाओं पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए। सुनवाई की शुरुआत में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भारी मतदान पर खुशी जताई।



सीजेआई ने कहा कि भारत के एक नागरिक के रूप में, मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं। जब लोग मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हैं, तो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी पीठ में शामिल हैं। पीठ राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दायर याचिका सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी भारी मतदान प्रतिशत की सराहना की और राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने में केंद्रीय बलों की भूमिका की प्रशंसा की। शीर्ष अदालत ने मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों से कहा कि वे लंबित मुद्दों के निस्तारण के लिए अदालत द्वारा नियुक्त 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों का रुख करें, जिनमें मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के मामले भी शामिल हैं। न्यायालय ने अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई का मामला बनता है, उन्हें प्राथमिकता देकर सुनवाई की जाए। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में बने रहने के अधिक महत्वपूर्ण अधिकार पर बाद में विचार करेंगी। वरिष्ठ अधिवक्ता और तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने भी विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान की सराहना की और कहा कि लोग देश के हर कोने से वोट डालने आए क्योंकि उन्हें डर था कि यदि इस बार मतदान नहीं किया तो उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के केवल 139 दावों या अपीलों पर ही अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा अब तक निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे 27 लाख लोग सुनवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# निजी बस संचालकों ने अग्रिम भुगतान में देरी का मुद्दा उठाया

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में निजी बस संचालकों के शीर्ष निकाय ने चुनाव ड्यूटी में लगाए गए वाहनों के लिए अग्रिम भुगतान के मामले में 'भेदभाव' का शुक्रवार को आरोप लगाया। उसने निर्वाचन आयोग से प्रभावित बस मालिकों को तुरंत बकाया राशि का भुगतान करने की अपील की। ज्वाइंट काउंसिल ऑफ बस सिंडिकेट (जेसीबीएस) के सचिव तपन बनर्जी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग, परिवहन मंत्री और परिवहन सचिव को चुनाव ड्यूटी में लगाई जाने वाली निजी बसों के बारे में प्रमुख वित्तीय पहलुओं की जानकारी फरवरी में ही दे दी गई थी।

उन्होंने कहा कि इनमें बसों का दैनिक किराया, श्रमिकों के लिए दैनिक भत्ता और प्रति वाहन भुगतान की जाने वाली अग्रिम राशि शामिल थी। बनर्जी ने कहा कि उत्तर बंगाल, मेदिनीपुर और आसपास के जिलों में 23 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई, लेकिन रायगंज, बालुरघाट और मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में बस मालिकों को उनके वाहनों के लिए अभी तक कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को तय है और 26 अप्रैल से बस लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। हमें जानकारी मिली है कि हुगली और हावड़ा जैसे जिलों में अग्रिम भुगतान कर दिया गया है, लेकिन कोलकाता, नदिया और उत्तर 24 परगना के बस मालिकों को अभी तक कोई अग्रिम भुगतान नहीं मिला है।

जेसीबीएस सचिव ने 'सौतेले व्यवहार' का आरोप लगाते हुए कहा कि जिलों के बीच इस तरह की असमानता दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने कई बस संचालकों को गंभीर वित्तीय संकट में डाल दिया है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि सभी बस मालिकों को कानून के अनुसार भुगतान किया जाएगा। आयोग ने बसों के लिए प्रतिदिन का किराया 2,530 रुपये तय किया है, जबकि बस संचालक रोजाना 4,000 रुपये की दर से भुगतान की मांग कर रहे हैं।

## विधानसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने मतदान के बाद नए दिशानिर्देश जारी किए

### मतदान केंद्रों पर लगे कैमरे

**कोलकाता, समाज्ञा**

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद नए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद निगरानी कैमरों और वीडियो डेटा के प्रबंधन के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जारी नए दिशानिर्देशों के अनुसार, मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों में उपयोग किए गए एसडी कार्ड मतदान समाप्त होते ही तुरंत नहीं निकाले जा सकेंगे। संबंधित अधिकारियों को केवल कैमरे उतारने की अनुमति होगी, जिसके बाद कैमरे सेक्टर अधिकारी की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि एसडी कार्ड केवल निर्धारित डेटा संग्रहण और 'रिसीविंग सेंटर' पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ही निकाले जा सकेंगे। चुनाव अधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान रिकॉर्ड की गई सभी वीडियो फुटेज को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संरक्षित किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जब तक कैमरा उपकरण पूरी तरह नहीं उतार लिया जाता, तब तक मतदान दल का कोई सदस्य या बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मतदान केंद्र नहीं छोड़ सकता। इस बीच, अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के मतदान के लिए वेबकास्टिंग का परीक्षण शुक्रवार की सुबह शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास तीन चरणों में कराया जाएगा।

# मतदान के एक दिन बाद महिला को मिला वोटर स्लिप

## बीएलओ का घेराव कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**मालदह :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद शुक्रवार की सुबह युवती को वोटर स्लिप मिलने से ग्रामीणों में गुस्सा फैल गया। घटना मालदह जिलान्तर्गत चांचल इलाके की है। गुस्साए ग्रामीणों ने बीएलओ का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को मालदह में पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ लेकिन वोटर स्लिप न होने के कारण चांचल विधानसभा सीट के सिहीपुर गांव के बूथ नंबर 223 की वोटर हुश्नआरा बेगम मतदान नहीं कर पाईं। युवती का आरोप है कि बीएलओ अख्तर हुसैन से पूछने पर उन्होंने कहा कि उनका नाम मतदाता सूची में था लेकिन एसआईआर में नाम नहीं है।

शुक्रवार को जब बीएलओ वोटर स्लिप लेकर महिला के घर आए तो ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने बहुत देर तक उन्हें इलाके में ही रोके रखा गया और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। अंततः आरोपित ने अपनी गलती मान ली। आरोप है कि बीएलओ के साथ ग्रामीणों की नोंकझोंक भी हुई। घटना के बारे में चांचल से कांग्रेस छोड़कर आए निर्दलीय उम्मीदवार अंजारुल हक ने कहा कि जब से यह बीएलओ चार्ज में आया है, वह गलत जानकारी देकर पूरे सिहीपुर गांव के लोगों को डरा रहा है। उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए।

# तृणमूल की शिकायत पर 24 घंटे में जवाब दे चुनाव आयोग : कलकत्ता हाई कोर्ट का निर्देश

**कोलकाता :** पुलिस पर्यवेक्षक पी.एस. पुरुषोत्तम दास के खिलाफ पक्षपात के आरोपों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग को 24 घंटे के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव की अदालत में यह मामला तृणमूल कांग्रेस की ओर से दायर किया गया।

तृणमूल कांग्रेस ने डायमंड हार्बर, फलता और मोगराहाट पूर्व एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के पुलिस पर्यवेक्षक पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है और उनके हटाने की मांग की है। पार्टी ने 21 अप्रैल को इस संबंध में चुनाव आयोग को लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर हाई कोर्ट का रुख किया।

सुनवाई के दौरान तृणमूल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मैनाक बसु ने आरोप लगाया कि संबंधित पर्यवेक्षक ने मोगराहाट पश्चिम के भाजपा उम्मीदवार गौर घोष और डायमंड हार्बर के भाजपा उम्मीदवार दीपक हलदार के साथ एक होटल में बैठक की थी, जो निष्पक्षता पर सवाल उठाती है।

वहीं, चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता जिष्णु चौधरी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पर्यवेक्षक आयोग की आंख और कान होते हैं और चुनावी हालात को समझने के लिए राजनीतिक नेताओं से बातचीत करना उनका दायित्व है। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित बैठक किसी गुप्त स्थान पर नहीं, बल्कि निर्धारित स्थान पर हुई थी और वहां सीसीटीवी निगरानी भी मौजूद थी, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है।

आयोग की ओर से यह भी कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति पूर्वाग्रह के साथ देखता है, तो उसे हर चीज पक्षपातपूर्ण ही प्रतीत होती है। साथ ही, उस बैठक में आयोग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने निर्देश दिया कि तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब अदालत में प्रस्तुत करे।

चुनावी माहौल के बीच आए इस आदेश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है और अब सभी की नजर आयोग की ओर से दाखिल किए जाने वाले जवाब पर टिकी है।

# 'न्यायिक अधिकारियों का घेराव' मामला : सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए को आरोप-पत्र दाखिल करने की दी अनुमति

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने एक अप्रैल को हुई उस सनसनीखेज घटना की जांच पूरी होने पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को आरोप-पत्र दाखिल करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी, जिसमें मालदह जिले में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बना लिया था। बता दें कि शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पत्र पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें एक अप्रैल की रात की भयावह घटना का विवरण दिया गया था। इसमें कहा गया था कि सात न्यायिक अधिकारियों को भीड़ ने नौ घंटे से अधिक समय तक भोजन और पानी के बिना बंधक बनाकर रखा। इन अधिकारियों में तीन महिलाएं भी शामिल थीं। उन



महिला अधिकारियों में से एक के साथ पांच साल का बच्चा भी था। बाद में, निर्वाचन आयोग की शिकायत पर शीर्ष अदालत के निर्देश के तहत एनआईए को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। इस दिन, एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस. वी. राजू ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ को बताया कि जांच एजेंसी ने अब तक की जांच का विवरण देते हुए एक नयी स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। पीठ ने विधि अधिकारी की दलीलों का संज्ञान लेते हुए कहा कि एनआईए को सक्षम क्षेत्राधिकार वाली अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करने की स्वतंत्रता होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि फिलहाल एनआईए को आगे कोई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है। इस पर राजू ने कहा कि जांचकर्ता व्यापक जांच में जुटे हैं। पीठ ने यह भी जानना चाहा कि क्या एक अप्रैल को सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मामले में एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाना होगा।

### लाभपुर हिंसा मामला हाई कोर्ट पहुंचा,

# एनआईए जांच की मांग पर जनहित याचिका दायर

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के बीच बीरभूम जिले के लाभपुर में हुई हिंसा का मामला अब कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंच गया है। घटना को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दायर की गई है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना है।

गौरतलब है कि पहले चरण का मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा, लेकिन लाभपुर क्षेत्र में कई बार तनाव और हिंसा की घटनाएं सामने आईं। भाजपा प्रत्याशी देवाशीष ओझा पर कथित रूप से बार-बार हमला किया गया और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। इसके अलावा उनके चुनावी एजेंट को भी गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है।

इन घटनाओं के बाद साईंथिया थाना क्षेत्र के भ्रमरकोल गांव में हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए और इलाके में अशांति फैल गई। इसी पृष्ठभूमि में अब हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एनआईए को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की गई है।

मामले के अदालत पहुंचने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। अब सबकी नजर हाई कोर्ट की आगामी सुनवाई और उसके संभावित फैसले पर टिकी है।

# मोथाबाड़ी कांड: वकील मोफाक्केरुल इस्लाम को एनआईए हिरासत में भेजने का आदेश

❑ **27 अप्रैल तक पूछताछ जारी रहेगी**

**कोलकाता/मालदा :** मालदा जिले के कालियाचक स्थित मोथाबाड़ी में बीडीओ कार्यालय में न्यायिक अधिकारी को घेरकर रखने की घटना से जुड़े मामले में गिरफ्तार वकील मोफाक्केरुल इस्लाम और उनके सहयोगी अकरामुल बागानी को अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। गुरुवार को कोलकाता के बैंकशाल अदालत (नगरीय सत्र न्यायालय) ने एनआईए की याचिका स्वीकार करते हुए दोनों आरोपियों को 27 अप्रैल तक एनआईए कस्टडी में रखने का निर्देश दिया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार,



गुरुवार को दोनों आरोपियों को मुख्य न्यायाधीश सुकुमार राय की अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान एनआईए ने अदालत को बताया कि सुजापुर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग अवरोध और मोथाबाड़ी में उत्पन्न हुई उग्र स्थिति के पीछे मोफाक्केरुल इस्लाम मुख्य साजिशकर्ता के रूप में शामिल थे। एजेंसी का आरोप है कि उन्होंने न केवल लोगों को उकसाया, बल्कि सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ और हिंसक गतिविधियों में भी उनकी भूमिका रही।

एनआईए के वकील श्यामल घोष ने अदालत में कहा कि मामले की सच्चाई तक पहुंचने के लिए आरोपियों से विस्तृत पूछताछ बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन पहले ही जब्त किए जा चुके हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच और डेटा विश्लेषण आवश्यक है, जिससे पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा हो सके।

वहीं, बचाव पक्ष की ओर से वकील इम्तियाज अहमद ने जमानत की अपील करते हुए कहा कि मोफाक्केरुल इस्लाम पेशे से अधिवक्ता हैं और उनके फरार होने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने अदालत से शर्तों के साथ जमानत देने की मांग की। अकरामुल बागानी की ओर से भी जमानत याचिका दायर की गई।

हालांकि, अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया और एनआईए की मांग को स्वीकार करते हुए दोनों आरोपियों को 27 अप्रैल तक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

गौरतलब है कि मोथाबाड़ी कांड में सुजापुर में सड़क अवरोध और प्रशासनिक अधिकारियों को घेरने की घटना ने पूरे राज्य में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल पैदा कर दी थी। इस मामले में एनआईए की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# 'पक्षपात' का आरोप, हिंगलगंज ओसी निलंबित

**कोलकाता, समाज्ञा**

निर्वाचन आयोग ने उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज के प्रभारी अधिकारी (ओसी) को पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने के आरोपों के बाद निलंबित करने का आदेश दिया। राज्य के मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को भेजे गए एक पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल द्वारा 21 अप्रैल को भेजी गयी एक रिपोर्ट की जांच की है जिसमें पक्षपात की शिकायतों और मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं 'स्थानीय तत्वों' के बीच कथित सांठगांठ का उल्लेख किया गया है। आयोग के 23 अप्रैल के आदेश में कहा गया है कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आयोग निर्देश देता है कि हिंगलगंज के प्रभारी अधिकारी संदीप सरकार को निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि निर्देश को 'तत्काल प्रभाव से' लागू किया जाना चाहिए। आयोग ने हिंगलगंज प्रभारी अधिकारी के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव भी मांगा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "48-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26" निविदा कार्य का विवरण: "प्रोविजन फॉर द वर्क ऑफ अपग्रेडेसन ऑफ टॉइलेट इन नान एसी आईसीएफ कोचेज, क्वानटिटी-500 कोचेज फॉर जीकेपीएस अंडर पीएच-21 ऐज पर पिंक बूक आइटम नंबर 209/24-25 (514/2023-24) एंड एलोकेशन-कैप", अनुमानित लागत(रू.में): ₹ 54,31,40,265/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 28,65,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे, दिनांक 07-02-2026, संविदा की अवधि: 18 मन्थस।

• उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य,
मुजाधि/यॉत्रिक-121 **यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डर**

**ई-निविदा सूचना संख्या-**
**एन-235-62 टेली टेण्डर 04-2026**

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई- टेन्डर आमंत्रित करते हैं। **1. निविदा सूचना सं०:** एन-235-62 टेली टेण्डर 04-2026. **2.** कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत इज्जतनगर, लखनऊ, वाराणसी डिवीजन तथा मुख्यालय गोरखपुर के टियर-2, 3 और 4 स्थानों पर पीआरएस/यूटीएस आधुनिकीकरण के संबंध में डेटाकॉम उपकरणों (यूटीएन डिवाइस) और नेटवर्क कनेक्टिविटी का उन्नयन। **3.** निविदा लागत: ₹ 10,88,11,978.43/- (दस करोड़ अट्ठासी लाख ग्यारह हजार नौ सौ अठहतर रूपये और तैंतालीस पैसे मात्र) **4.** बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि): ₹ 2176200.00/- **5.** ऑफर की वैधता: 90 दिन **6.** निविदा खोलने एवं बंद होने का स्थान, तिथि तथा समय: दिनांक- 22.05.2026, समय - 12:30 बजे **7.** कार्य के पूर्ण करने की अवधि: 06 (छ:) माह **8.** मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। **9.** विस्तृत निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **नोट:** निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय
मुजाधि/सिगनल- 17 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: केपीए/ईजी/ओटी-20/25-26, दिनांक 20.04.2026।** उप मुख्य विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पिन-743145, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मज़बूत आर्थिक क्षमताओं के साथ सम्माननीय, प्रतिष्ठित एवं अनुभवी सरकारी लाइसेंसधारी विद्युतीय ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: केपीए/ईजी/ओटी-20/25-26। कार्य का नाम:** 02 वर्षों की अवधि के लिए कांचरापाड़ा वर्कशॉप के लोको कॉम्प्लेक्स के विभिन्न शॉपों में स्थापित ईओटी क्रेन के वीवीवीएफ/वीएफडी ड्राइव्स तथा उनके सम्बंधित कलपुर्जों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (सीएएमसी)। **निविदा अनुमानित लागत:** ₹ 15,23,852 (जीएसटी एवं अन्य सभी करों/प्रभारों के साथ)। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 30,500। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने का समय:** 2 वर्ष। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये तथा देखे जा सकेंगे। निविदा हेतु बोलियां दिनांक 11.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई भी मैनुअल प्रस्ताव जमा किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा। (MISC-24/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**NAME CHANGE**

I, Chota Lall, C/o. Pakhandi, residing at 32/A, Railway Quarter, Old Station, Serampore, P.O.+P.S.- Serampore, Dist.- Hooghly, WB, hereby declared that in my service documents my name has been recorded as Chotalal instead of Chota Lall. That Chota Lall & Chotalal both are same and one indentical person vide Affidavit No.: 102, dt. 22.04.2026 sworn before Ld. 1st Class Judicial Magistrate Court at Serampore, Hooghly.

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No- 07/City (M) of 2026-27** from bonafied and resourceful decorators having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be on **25.04.2026 up to 12.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

**Sd/-**
**Executive Engineer-I,**
**City Division, P.W.D.**

**सुल्तानपुर-डानकुनी-सुल्तानपुर स्पेशल ट्रेन एक और ट्रिप के लिए चलेगी**

ग्रीष्म मौसम के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **04250/04249 सुल्तानपुर-डानकुनी-सुल्तानपुर स्पेशल ट्रेन** निम्नवर्णित तिथियों को संबंधित मौजूदा मार्ग, समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार एक और ट्रिप के लिए चलेगी: **04250 सुल्तानपुर-डानकुनी स्पेशल ट्रेन** दिनांक 26.04.2026 (रविवार) को=1 ट्रिप। **04249 डानकुनी-सुल्तानपुर स्पेशल ट्रेन** दिनांक 27.04.2026 (सोमवार) को=1 ट्रिप। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**उत्तर रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए, उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट.-अकबरपुर जंक्शन-ज़फ़राबाद जंक्शन खंड में जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर प्री-बिफोर नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 04.05.26 से 12.05.26 तक), बिफोर नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 13.05.26 से 21.05.26 तक) और नॉन-इंटरलॉकिंग (दिनांक 22.05.26 से 27.05.26 तक) कार्य का निष्पादन किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **नियंत्रण: (1) 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 03.05 और 04.05.26) एवं **(2) 15744 बठिंडा-बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 03.05 और 04.05.26) को मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा। ● **मार्ग परिवर्तन: (1)** 22323 कोलकाता-गाजीपुर सिटी शब्द भेदी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 07.05, 14.05 एवं 21.05.26) और 22324 गाजीपुर सिटी-कोलकाता शब्द भेदी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 15.05 एवं 22.05.26) दोनों दिशाओं में मौजूदा मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-वाराणसी जंक्शन-जौनपुर जंक्शन-औंड़िहार जंक्शन के बदले पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंड़िहार जंक्शन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी एवं जौनपुर जंक्शन में नहीं रुकेगी। **(2)** 15743 बालुरघाट-बठिंडा फरक्का एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 12.05, 13.05, 15.05, 17.05, 19.05, 20.05, 22.05, 24.05 एवं 26.05.26) और 15744 बठिंडा-बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 14.05, 15.05, 17.05, 19.05, 21.05, 22.05, 24.05 एवं 26.05.26) दोनों दिशाओं में मौजूदा मार्ग ज़फ़राबाद जंक्शन-शाहगंज जंक्शन-अयोध्या कैंट.-लखनऊ चारबाग के बदले ज़फ़राबाद जंक्शन-सुलतानपुर जंक्शन-लखनऊ चारबाग होकर मार्ग परिवर्तित करेगी एवं जौनपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, मालीपुर, अकबरपुर जंक्शन, गोसाईंगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट., सोहावल, रुदौली, दरियाबाद और बाराबंकी जंक्शन में नहीं रुकेगी। **(3)** 13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 12.05.26 से 26.05.26 तक) मौजूदा मार्ग वाराणसी जंक्शन-अयोध्या कैंट.-लखनऊ चारबाग के बदले वाराणसी जंक्शन-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-लखनऊ चारबाग होकर मार्ग परिवर्तित करेगी एवं बाबतपुर, खालिसपुर, जलालगंज, ज़फ़राबाद जंक्शन, जौनपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, बिलवाई, मालीपुर, अकबरपुर जंक्शन, गोसाईंगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट., सोहावल, रुदौली, दरियाबाद, सफदरगंज और बाराबंकी जंक्शन में नहीं रुकेगी। **(4)** 13010 योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा दून एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 12.05.26 से 26.05.26 तक) मौजूदा मार्ग लखनऊ चारबाग-अयोध्या कैंट.-वाराणसी जंक्शन के बदले लखनऊ चारबाग-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-वाराणसी जंक्शन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी एवं बाराबंकी जंक्शन, सफदरगंज, दरियाबाद, रुदौली, सोहावल, अयोध्या कैंट., अयोध्या धाम, गोसाईंगंज, अकबरपुर जंक्शन, मालीपुर, बिलवाई, शाहगंज जंक्शन, खेतासराय, जौनपुर जंक्शन, ज़फ़राबाद जंक्शन, जलालगंज, खालिसपुर और बाबतपुर में नहीं रुकेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - ई-निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2026/13, दिनांक: 24.04.2026।** "ई" प्राप्ति प्रणाली हेतु निविदा। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंज़िल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड किया गया है। सभी निविदाएं **दोपहर 2.00 बजे** बंद कर दी जाएंगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | बंद होने की तारीख | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | जमा बयाना राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 46263093 | 15.05.2026 | कपलिंग सॉकेट असेंबली के लिए रैचेट असेंबली आदि | 2346 अदद | 7,60,350 |
| 2 | एचबी 247531डी | 11.05.2026 | ऑटोमैटिक सीलिंग माउंटेड मॉड्यूलर फायर एक्सटिंग्विशर (प्रत्येक 5 किग्रा. क्षमता का) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना आदि | 75 अदद | 1,56,670 |
| 3 | 29263815 | 08.05.2026 | लैबिरिंथ और बेयरिंग कैप (डीई) का सेट | 2031 सेट | 10,76,020 |
| 4 | 29261319 | 11.05.2026 | मोटर सहित मुख्य कंप्रेसर (ऑयल लुब्रिकेटेड) | 12 मीटर | 2,01,190 |
| 5 | 29263816 | 12.05.2026 | लैबिरिंथ, बेयरिंग कैप और क्लैंप प्लेट (एनडीई) का सेट | 1771 सेट | 15,90,510 |
| 6 | 29261317 | 13.05.2026 | ग्रॉसराड मुख्य गियर, 107 दांत | 221 अदद | 6,07,770 |
| 7 | 29260031 | 15.05.2026 | एमएसयू ट्यूब के लिए बेलनाकार रोलर बेयरिंग का सेट आदि | 991 सेट | 12,43,630 |
| 8 | आईएफ 256183बी | 18.05.2026 | फ्रिक्शन बफर स्टॉप की डिज़ाइन, आपूर्ति और चालू करना। (पूर्व-बोली सम्मेलन 28/04/2026 को सुबह 10.00 बजे वरिष्ठ डीएमएम/चक्रधरपुर के कार्यालय में होगी) | 22 अदद | 3,99,780 |
| 9 | आईएफ 265418 | 18.05.2026 | इंटरैक्टिव किऑस्क | 68 सेट | 1,33,190 |
| 10 | एचबी 265735 | 11.05.2026 | इंजेक्शन इंसुलिन डेग्लुडेक 70% + इंसुलिन एस्पार्ट 30%, 100 आईयू/ एमएल, 3 एमएल कार्ट्रिज के लिए चालू अनुबंध आदि | 5556 अदद | 1,15,510 |
| 11 | आईएफ 255929 | 20.05.2026 | एलटी डिस्ट्रीब्यूशन पैनल की आपूर्ति | 07 सेट | 1,22,510 |
| 12 | 33263304 | 05.06.2026 | एलएचबी कोच के लिए 70 वर्ग मिमी. का कंप्लीट अर्थिंग केबल आदि | 29400 अदद | 3,06,590 |
| 13 | 30263037 | 03.06.2026 | लेवलिंग वाल्व आदि | 1110 अदद | 1,04,840 |
| 14 | 30263006 | 27.05.2026 | हाइट्रेल अपर वॉशर आदि | 2818 अदद | 1,11,400 |
| 15 | 30263087 | 29.05.2026 | सीबीसी फिट किया हुआ सपोर्टिंग डिवाइस आदि | 323 अदद | 1,21,960 |
| 16 | 60260130 | 11.05.2026 | पीएससी स्लीपर पर बीजी 60 (यूआईसी)/60ई1 के लिए ग्लू वाले इंसुलेटेड रेल जॉइंट हेतु फिश प्लेट का निर्माण और आपूर्ति आदि | 4210 अदद | 1,85,300 |
| 17 | 60265142 | 20.05.2026 | प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर (प्रीटेंशन प्रकार का) का निर्माण और आपूर्ति आदि | 1500 सेट | 15,60,780 |
| 18 | 33265003 | 30.04.2026 | एलएचबी गैर वातानुकूलित कुर्सी यान कोचों आदि के लिए सीटें | 10 सेट | 2,43,970 |
| 19 | 50251659बी | 12.05.2026 | सॉलिड पॉलीथीन इंसुलेटेड पूरी तरह से भरा हुआ, पॉलीथीन शीथेड भूमिगत दूरसंचार केबल आदि | 15 किमी. | 1,47,760 |
| 20 | 29261318 | 18.05.2026 | कन्वर्टर ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल कूलर रेडिएटर | 123 अदद | 12,56,050 |
| 21 | 38263338 | 18.05.2026 | अपग्रेड किए गए एचटी-सीबीसी के लिए योक पिन | 10490 अदद | 2,90,640 |
| 22 | 38264042 | 20.05.2026 | एलडब्ल्यूएलएच 25टी बोगी के लिए नेस्टेड स्नबर स्प्रिंग (बाहरी और आंतरिक) का सेट | 1153 सेट | 1,18,370 |
| 23 | 38263919 | 27.05.2026 | बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए फ्लोर चैनल (स्ट्रिंगर आंतरिक) | 4083 अदद | 1,10,810 |
| 24 | 38263365 | 29.05.2026 | डबल एक्टिंग ऑटोमैटिक स्लैक एडजस्टर के साथ 11" ब्रेक सिलेंडर | 325 अदद | 2,72,480 |
| 25 | 38263003 | 08.06.2026 | क्लास ई सीटीआरबी के लिए एनईआई निर्मित "बैकिंग रिंग" | 4440 अदद | 1,36,220 |
| 26 | 38263917 | 01.06.2026 | बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए क्रिब/एंड एंगल | 6800 अदद | 2,05,410 |
| 27 | 29263255 | 15.05.2026 | एनआई-सीडी बैटरियाँ, क्षमता 199 एएच सी5ए | 138 सेट | 18,40,160 |
| 28 | 29263061 | 20.05.2026 | डब्ल्यूएजी9 लोको के लिए फिल्टर असेंबली का सेट | 85 सेट | 4,74,420 |
| 29 | 29261314 | 21.05.2026 | 3-फेज लोको के लिए मोटर सस्पेंशन यूनिट | 541 सेट | 19,90,250 |
| 30 | 29260016 | 22.05.2026 | हाई टेन्साइल ट्रांज़िशन सी.बी. कपलर | 240 अदद | 5,40,710 |
| 31 | 25253721 | 28.05.2026 | लोको कैब मीटर का सेट | 39 सेट | 1,13,510 |
| 32 | 25263622 | 09.06.2026 | माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक गति-सह-ऊर्जा निगरानी प्रणाली | 18 अदद | 1,05,010 |

निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी संशोधनी के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-88)

### जमशेदपुर में एक विचाराधीन कैदी ने अस्पताल की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की

**जमशेदपुर:** झारखंड के जमशेदपुर में सरकारी एमजीएम अस्पताल में इलाज करा रहे एक विचाराधीन कैदी की शुक्रवार को सातवीं मंजिल से कथित तौर पर कूदने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अशोक कुमार के रूप में हुई है. जो अपनी पत्नी और बेटे की हत्या के आरोप में जेल में कैद था। पुलिस के अनुसार, कैदी अवसाद से पीड़ित था और उसने रविवार को जेल में गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन जेलकर्मियों ने उसे बचा लिया था। इसके बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया था। पुलिस उपाधीक्षक बचनदेव कुज्जूर ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उसे अस्पताल परिसर में चिकित्सक के पास ले जाया जा रहा था, तभी उसने सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी। एमजीएम थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने बताया कि घटना के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अशोक को 2024 में सरायकेला-खरसावां जिले में अपनी पत्नी और बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### बलिया में बेटी की शादी न कर पाने के कारण पिता ने फांसी लगाई

**बलिया:** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर आर्थिक किल्लत के चलते बेटी की शादी न कर पाने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रसड़ा कस्बे में रेलवे स्टेशन परिसर के पास एक कुएं में बृहस्पतिवार शाम जयलेश राजभर (45) का शव फंदे से लटका मिला। कोतवाली प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। उन्होंने कहा कि मृतक की चार बेटियां हैं और वह एक छोटा सा कारोबार करता था। कोतवाली प्रभारी ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि जयलेश आर्थिक किल्लत की वजह से अपनी 22 वर्षीय बेटी की शादी नहीं कर पा रहा था, जिसकी वजह से अवसाद में आकर उसने आत्महत्या कर ली।

### झारखंड के धनबाद में जमीन धंसने से तीन मकान ढहे, दो लोग घायल

**धनबाद:** झारखंड के धनबाद जिले में जमीन धंसने से तीन घर ढह गए, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे सोनारडीह थाना क्षेत्र के टांडाबाड़ी बस्ती में हुई। धनबाद (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक एस. मोहम्मद याकूब के अनुसार, घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है तथा 'भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल)' की सहायता से प्रभावित लोगों को इलाके से स्थानांतरित किया जा रहा है। जमीन धंसने के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी।' इससे पहले, 31 मार्च को भी इलाके में ऐसी ही एक घटना में एक घर के ढहने के कारण एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई थी।

### रांची : मंदिर में चोरी की कोशिश के दौरान बदमाश ने सुरक्षा गार्ड की हत्या की, जांच जारी

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के एक मंदिर में एक अज्ञात बदमाश ने चोरी के प्रयास के दौरान सुरक्षा गार्ड की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के धुर्वा स्मार्ट सिटी इलाके में स्थित जगन्नाथ मंदिर में हुई। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने कहा, एक अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर परिसर के भीतर सुरक्षा गार्ड की हत्या कर दी। मौके से फरार होने से पहले उसने वहां रखे दानपात्र का ताला तोड़ा और कुछ नकदी निकालकर ले गया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि मंदिर का एक द्वार अंदर से खुला हुआ था, जिससे आरोपी ने परिसर में प्रवेश किया और वहां सो रहे सुरक्षा गार्ड पर हमला कर दिया। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड मौके से बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा गार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# बिहार विधानसभा में सम्राट चौधरी सरकार ने विश्वास मत हासिल किया



### सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को अब आठ लाख रुपये मुआवजा मिलेगा : सम्राट चौधरी

बिहार में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के परिजनों को अब कुल आठ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत चार लाख रुपये बीमा कंपनी की ओर से दिए जाएंगे, जबकि शेष चार लाख रुपये राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि पहले दी जाने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों के बाद प्रभावित परिवारों को अक्सर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है, इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मुआवजा राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध करने पर विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

बिहार विधानसभा ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देने पर कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत विपक्षी दलों के खिलाफ शुक्रवार को निंदा प्रस्ताव पारित किया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने सदन में यह प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सदन ने अपनी सहमति व्यक्त की। प्रस्ताव पारित होने के दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों ने इसका विरोध किया और हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए। सत्तापक्ष के सदस्यों ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इसका विरोध करने वाले दलों ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया है। विपक्षी सदस्यों ने प्रस्ताव को राजनीतिक बताते हुए विरोध जताया।

**पटना:** बिहार विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी नीत सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सम्राट ने यह प्रस्ताव पेश किया कि 'सदन राज्य की वर्तमान मंत्रिपरिषद में अपना विश्वास व्यक्त करे।' राज्य के 243 सदस्यीय सदन में यह प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया, जहां भाजपा नीत राजग को 202 सीट के साथ भारी बहुमत प्राप्त है। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा पेश करते हुए कहा, 'राजग सरकार हमेशा किसानों, गरीबों और सुशासन के लिए काम करती रही है।' उन्होंने कहा कि बिहार में सुशासन स्थापित करने का कार्य नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देना ऐतिहासिक निर्णय था और राज्य में शराबबंदी लागू करने का फैसला भी पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिया था।' उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार 'ट्रिपल सी'-क्राइम (अपराध), करप्शन (भ्रष्टाचार), कम्युनलिज्म (सांप्रदायिकता)- पर कोई समझौता नहीं करेगी।' नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा उन्हें लालू प्रसाद यादव की 'पाठशाला'' से निकला नेता बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए चौधरी ने कहा, 'सत्ता किसी की बपौती नहीं होती। कोई किसी की पाठशाला से नहीं आता। यदि लालू जी का मुझ पर अत्याचार नहीं होता, तो आज मैं मुख्यमंत्री नहीं होता।'

### शिक्षकों के साथ विश्वास और सहयोग से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव: विजय कुमार चौधरी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल निर्देशों से नहीं, बल्कि शिक्षकों के साथ विश्वास और सहयोग के माध्यम से ही दी जा सकती है। शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी संभाल रहे चौधरी ने विद्यालयों के नियमित निरीक्षण को अनिवार्य बताया और कक्षा-कक्ष में शिक्षण कार्य के दौरान ही शिक्षकों के मूल्यांकन पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर शैक्षणिक सुधार को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। पटना के अधिवेशन भवन में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में चौधरी ने स्थानांतरण-पदस्थापन प्रणाली को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अच्छी पढ़ाई तभी होगी, जब शिक्षक मन से पढ़ाएं और इसके लिए अनुकूल वातावरण होना जरूरी है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार उप मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को शिक्षा सुधार की आधारशिला बताते हुए प्रशिक्षण मॉड्यूल के प्रभावी आकलन और उसके परिणामों के नियमित मूल्यांकन की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा तथा उनके प्रभाव का आकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, बाड़मेर में तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस



**जयपुर:** राजस्थान में भीषण गर्मी का प्रकोप शुक्रवार को भी जारी रहा और बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार गंगानगर में अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री, जैसलमेर व चुरू में 43.6 डिग्री, बीकानेर में 43.5 डिग्री, पिलानी में 43.4 डिग्री व जोधपुर में 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। मौसम केंद्र के मुताबिक राज्य के कुछ हिस्सों में आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में और एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने तथा आगामी 2-3 दिन पश्चिमी व उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम केंद्र के मुताबिक राज्य के उत्तर पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसी तरह आगामी दिनों में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 25 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों तथा तथा 26 से 28 अप्रैल को पश्चिमी व उत्तरी भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ धूलभरी आंधी चल सकती है। साथ ही हल्की बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना भी है।

### मुख्यमंत्री शर्मा ने 23,890 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की



**जयपुर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को 'राज उन्नति' की चौथी बैठक में लगभग 23,890 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की और इस दौरान । उन्होंने परियोजनाओं के तय समय में पूरा नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को फटकारते हुए कहा कि परियोजनाओं को समय से पूरा करने में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतें तथा विकास कार्यों को हर हाल में तय समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही, लापरवाह कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को 'राज उन्नति' की बैठक से 15 दिन पहले प्रत्येक विभाग में उच्च स्तरीय बैठक करने के निर्देश दिये ताकि विभागीय स्तर पर बेहतर निगरानी हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि कृषि यंत्र किराया केंद्र स्थापना के लिए 87 प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि कृषि यंत्र किराया केंद्र की सूची निर्धारित समय सीमा में जारी क्यों नहीं हुई। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

## भाजपा ने नीतीश कुमार को राजनीतिक रूप से खत्म करने की कोशिश की: तेजस्वी यादव



पटना: राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए विवश किया, क्योंकि वह उन्हें राजनीतिक रूप से समाप्त करना चाहती थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाजपा नेता सम्राट चौधरी नीत सरकार द्वारा पेश विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। यादव ने कहा, हमें पहले से पता था कि भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं रहने देगी। भाजपा लगातार कहती रही कि 2030 तक नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता रहेंगे, लेकिन अब उसने उन्हें समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा, किसी भी राज्य को राजनीतिक स्थिरता की आवश्यकता होती है, लेकिन बिहार की स्थिति अलग है। यहां पांच वर्षों में पांच सरकारें देखी गई हैं। तेजस्वी का संकेत उस अवधि की ओर था, जिसमें जद(यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार राजग में आते-जाते रहे। भाजपा के भीतर असंतोष का संकेत देने का प्रयास करते हुए तेजस्वी यादव ने सम्राट चौधरी के शुरुआती राजनीतिक जीवन का उल्लेख किया, जब वह राजद में थे। उन्होंने कहा, मुझे सम्राट चौधरी के लिए प्रसन्नता है, जो राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पाठशाला से निकले हैं। लेकिन उन्हें भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में गहरी जड़ें रखने वाले उन लोगों से सावधान रहना चाहिए, जो उनके उभार से नाराज हैं। राजद नेता ने सम्राट चौधरी के पिता शकुनि चौधरी के एक पुराने चुनावी भाषण का भी उल्लेख किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, शकुनि चौधरी ने नरेन्द्र मोदी को जीवित दफनाने की धमकी दी थी। प्रतीत होता है कि इससे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भयभीत हो गया और उन्हें शांत करने के लिए उनके पुत्र को मुख्यमंत्री बना दिया।

## जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा:मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति 'रश्मिरथी' आज भी समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि यदि भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तो जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा। योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद के नाम पर समाज को कमजोर करने वालों के खिलाफ आगाह किया और ''देशद्रोहियों'' के खिलाफ सतर्क रहने की जरूरत पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने रामधारी सिंह दिनकर की 52वीं पुण्यतिथि और उनकी कालजयी कृति 'रश्मिरथी' के प्रकाशन के 75 वर्ष होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय 'रश्मिरथी महोत्सव' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ''राष्ट्रकवि दिनकर की कालजयी काव्यकृति 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साहित्य के ऐसे सशक्त साधक के प्रति हम सब अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रदेश की राजधानी में एकत्र हैं।'' उन्होंने कहा, '' यहां हम उनकी कालजयी काव्यकृति पर आधारित नाट्य-शृंखला का मंचन देखेंगे। हम देखेंगे कि किस प्रकार मां सरस्वती दिनकर जी की जिह्वा पर विराजती थीं और उनकी लेखनी शब्दों को पिरोती थी। यह सब 'रश्मिरथी' के इस मंचन के माध्यम से हम सभी को देखने-सुनने को मिलेगा। इस अवसर पर दिनकर जी की स्मृतियों को नमन करते हुए मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमें याद रखना चाहिए कि यदि हम अपनी स्वतंत्रता को संरक्षित करना चाहते हैं, एक विकसित भारत और आत्मानिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा रखते हैं, तो हमें उन गद्दारों के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए, जो देश को लूटते हैं और जातिवाद के नाम पर समाज को कमजोर करते हैं। यह प्रेरणा संदेश दिनकर जी ने दशकों पहले हमें दिया था।'' आपातकाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब भारत के अंदर, भारत के लोकतंत्र का गला घोटने का प्रयास हुआ था। तब भी दिनकर जी ने यह आह्वान किया कि ''सिंहासन खाली करो कि जनता आती है''। उन्होंने कहा, 'भारत हमेशा से धन और संसाधनों में प्रचुर रहा है। यह एक वैश्विक शक्ति रही है। फिर भी भारत ने सैकड़ों वर्षों तक गुलामी भी झेली है।

### यूपी में एक मई से होगा गन्ने की फसल का जीपीएस सर्वेक्षण, किसानों को एसएमएस से मिलेगी सूचना



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी है जिसके तहत प्रदेशभर में गन्ने की फसल का ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम (जीपीएस) आधारित सर्वेक्षण एक मई से कराया जाएगा। आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार सर्वेक्षण से तीन दिन पहले सभी पंजीकृत गन्ना किसानों को फोन पर एसएमएस के जरिए सूचना भेजी जाएगी। बयान में कहा गया, ''हर सर्वेक्षण टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होगा। सर्वेक्षण से पहले दोनों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सर्वेक्षण के समय खेत पर किसान की मौजूदगी अनिवार्य होगी। टीम मौके पर पहुंचकर जीपीएस के जरिए खेत का रकबा, गन्ने की किस्म और अनुमानित उत्पादन का डेटा सीधे विभाग के सर्वर पर दर्ज करेगी।' गन्ना एवं चीनी आयुक्त वीना कुमारी मीणा ने बताया कि सर्वेक्षण पूरा होने के बाद खेत का क्षेत्रफल और गन्ने की किस्म समेत पूरी जानकारी किसानों को एसएमएस से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा, 'किसान अपनी सर्वेक्षित भूमि का सत्यापन राजस्व विभाग की वेबसाइट पर भी कर सकेंगे। चीनी मिल अंतिम आंकड़े विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर अपनी वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करेंगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी।'

# लखनऊ में 26 अप्रैल को 986 महिला आरक्षियों की दीक्षांत परेड



**लखनऊ:** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2025 के तहत चयनित 60,244 आरक्षियों में से पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त 986 महिला आरक्षियों की दीक्षांत परेड 26 अप्रैल को रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित की जाएगी। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। परेड का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सलामी लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान इन महिला आरक्षियों को आधुनिक पुलिसिंग से लेकर साइबर अपराध तक का प्रशिक्षण दिया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यक्रम सुबह आठ बजे शुरू होगा और इसे प्रदेश के सभी जनपदों के पुलिस लाइंस, पीएसी वाहिनियों तथा प्रशिक्षण संस्थानों में सीधा प्रसारित किया जाएगा जिससे पूरे प्रदेश में महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सशक्त संदेश जाएगा। बयान के मुताबिक, 1947 से 2017 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में केवल लगभग 10 हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी, जबकि 2017 के बाद यह संख्या बढ़कर 44-45 हजार तक पहुंच गई है और अब पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए अनिवार्य कर दिए गए हैं। आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2025 के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिला आरक्षियों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ आधुनिक पुलिसिंग के सभी आवश्यक पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना की



जयपुर: केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को सीकर में खाटू श्याम मंदिर और सालासर में बालाजी महाराज मंदिर में पूजा अर्चना की। पासवान परिवार सहित पहले खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज राजस्थान में प्रसिद्ध खाटू श्याम जी के सपरिवार दर्शन कर समस्त देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। जय श्री श्याम।'' बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने विश्वास जताया कि जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, वहां पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की मजबूत सरकार बनने जा रही है। वह बाद में वह सालासर स्थित बालाजी महाराज मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की।

### झारखंड के हजारीबाग में हथियारबंद अपराधियों ने बैंक से करीब पांच करोड़ रुपये का सोना लूटा




**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग जिले में शुक्रवार को दिनदहाड़े चार हथियारबंद अपराधियों ने एक बैंक से करीब पांच करोड़ रुपये मूल्य का तीन किलोग्राम सोना और चार लाख रुपये की नकदी लूट ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में दोपहर करीब 3:10 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, अपराधी दोपहर के भोजन (लंच टाइम) के दौरान बैंक में दाखिल हुए थे। बरही के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, चार हथियारबंद अपराधी बैंक में घुसे और उन्होंने प्रबंधक सहित चार कर्मचारियों को बंधक बना लिया। अपराधियों ने बंदूक दिखाकर उनसे तिजोरी खुलवाई और पांच करोड़ रुपये मूल्य का तीन किलोग्राम सोना तथा चार लाख रुपये नकद लूट लिए। एसडीपीओ ने बताया कि घटना के समय बैंक में कोई ग्राहक मौजूद नहीं था। पुलिस ने बताया कि अपराधियों का सुराग लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

# राजस्थान में नोटों की 100 फुट लंबी माला पहनने के लिए सीढ़ी पर चढ़ा दूल्हा



**जयपुर:** राजस्थान के डीग में एक शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें दूल्हा 500 और 100 रुपये के नोटों से बनी करीब 100 फुट लंबी माला सीढ़ी पर चढ़कर पहनता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह दृश्य शादी की रस्म का हिस्सा था, जिसने अब ऑनलाइन हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने इस 20 सेकंड के वीडियो में दूल्हा असामान्य रूप से लंबी माला पहनने के लिए सीढ़ी पर चढ़ता नजर आ रहा है, जबकि नीचे खड़े कई लोग माला को संभालते दिख रहे हैं। नीचे खड़ी जीप समेत अन्य गाड़ियां इस पूरे नजारे के पैमाने को और स्पष्ट करती हैं। बताया जा रहा है कि यह माला 500 और 100 रुपये के नोटों से तैयार की गई है। डीग के पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि माला किराये पर ली गई थी और अब तक मामले में कोई अवैधता सामने नहीं आई है। यह घटना मेवात क्षेत्र के जुरहरा थाना इलाके के बमनवाड़ी गांव की है, जहां 19 अप्रैल को एक शादी समारोह आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान दो दूल्हे-रुकनुद्दीन मेव और उनके भतीजे अंसार मेव- इस माला को पहने नजर आए। गांव के सरपंच अब्दुल मजीद ने बताया कि यह माला स्थानीय परंपरा का हिस्सा है और इसे इसी मौके के लिए खास तौर पर मंगवाया गया था।

### बलिया में पेट्रोल न मिलने के कारण एंबुलेन्स रास्ते में रुकने से मरीज की मौत, जांच शुरू

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में कथित तौर पर पेट्रोल पंप से पेट्रोल न मिलने के कारण एक एंबुलेन्स के रास्ते में रुक जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) देवमणि मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार को यह मामला संज्ञान में आया। उन्होंने बताया कि बैरिया तहसील के पांडेपुर गांव निवासी छट्ठू शर्मा (50) की बुधवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें एक निजी एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे। मिश्र के अनुसार, इसी दौरान पेट्रोल खत्म होने से एंबुलेंस रास्ते में बंद हो गई। 'परिजनों ने टेंगरही गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल देने का आग्रह किया, लेकिन पंप संचालक ने पेट्रोल न होने का हवाला देकर इनकार कर दिया।'

